पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 137

ग्वालियर, बुधवार, 7 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

बयानबाजी

घर में घिरे संघ प्रमुख

भागवत के बयान पर आरएसएस के अंदर विरोध के स्वर

भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के मुसलमानों के साथ हिंदुओं के रिश्ते पर बयान ने वैचारिक गर्मी पैदा कर दी है। संघ में ही बहुत से लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। इन लोगों का कहना है कि गुरुजी गोलवलकर के जमाने में हिंदुत्व को लेकर संघ की सोच इससे अलग रही थी। दरअसल, विवाद की जड़ में संघ प्रमुख डॉ. भागवत का रविवार को गाजियाबाद में दिया वह बयान है, जिसमें उन्होंने कहा था, 'यदि कोई हिंदू कहता है कि मुसलमान यहां नहीं रह सकता है, तो वह हिंदू नहीं है। गाय एक पवित्र जानवर है, लेकिन जो इसके नाम पर दूसरों को मार रहे हैं, वो हिंदुत्व के खिलाफ हैं। ऐसे मामलों में कानून को अपना काम करना चाहिए।' उन्होंने यह भी कहा कि सभी भारतीयों का ष्ठ्व एक है, चाहे वो किसी भी धर्म का हो। करीब 50 साल बाद शायद ऐसे हालात फिर से बनते दिख रहे हैं जब संघ प्रमुख के विचार को लेकर संघ के भीतर ही आवाजें उठने लगी हैं। सूत्रों के मुताबिक विरोध के स्वर खास तौर से नागपुर, असम और पश्चिम बंगाल से आए हैं। असम और पश्चिम बंगाल के चुनावों में संघ ने बहुत काम किया था। असम में तो मुस्लिम बहुल इलाकों में हर बूथ पर 20-20 लोगों की कमेटी बनाई गई, लेकिन वहां हर बूथ पर 5 से ज्यादा वोट नहीं मिले। बंगाल में भी तमाम कोशिशों के बावजूद ममता बनर्जी की ही जीत हुई।

बिना मुसलमानों के हिंदुत्व अधूरा

मुसलमानों को लेकर भागवत का यह पहला बयान नहीं है। तीन साल पहले सितंबर 2018 में दिल्ली में 3 दिनों की व्याख्यान माला में डॉ. भागवत ने कमोबेश यही कहा था कि बिना मुसलमानों के हिंदुत्व अधूरा है और हिंदुस्तान में रहने वाला हर शख्स हिंदुस्तानी है। यदि किसी को हिंदुस्तानी शब्द से आपत्ति हो तो वो भारतीय कहे, उसमें भी कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन संघ में इस बयान के बाद आगे बढ़ने का कोई काम नहीं हुआ। यानी नाराजगी जाहिर भले ही नहीं की गई हो, लेकिन संघ प्रमुख के विचार को स्वीकार नहीं किया गया। मुसलमानों पर आरएसएस में हमेशा मतभेद रहे संघ विचारक दिलीप देवधर कहते हैं, संघ प्रमख डॉ. भागवत का बयान डॉ. हेडगेवार और देवरस के विचार को आगे बढ़ाने वाला है। विश्वास है कि उन्हें इसमें कामयाबी मिलेगी। गुरुजी गोलवलकर की सोच कुछ अलग रही थी। संघ का इतिहास देखें तो हिंदुत्व को लेकर ञ्जस्स में हमेशा से ही मतभेद बने रहे हैं। डॉ. हेडगेवार कहते थे कि हिंदुस्तान में रहने वाला हिंदू है। जैसे अमेरिका में अमेरिकन, जर्मनी में जर्मन होता है। वे हिंदू शब्द से आसक्ति तो नहीं रखते थे, लेकिन दस हजार साल पुरानी हिंदू परंपरा और विचार के साथ चलते थे।'

मुस्लिमों का मकसद धर्मांतरण: गोलवलकर: संघ के दूसरे सरसंघचालक गुरुजी गोलवलकर ने लिखा था कि भारत का पिछले 1200 साल का इतिहास धार्मिक युद्ध का इतिहास रहा है, जिसमें हिंदुओं को खत्म करने की कोशिश की गई। गोलवलकर मानते थे कि 1200 साल पहले जब से मुस्लिमों ने इस धरती पर कदम रखा है, उनका एकमात्र मकसद पूरे देश का धर्मांतरण करना और उसे अपना गुलाम बनाना रहा है।

आज जम्मू-कश्मीर में परिसीमन आयोग

पीएम की मीटिंग के ठीक 13वें दिन आयोग का दौरा

राजनीतिक दलों के साथ बैठक करेगा महबूबा को छोड़ सभी दल होंगे शामिल

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट के बीच परिसीमन आयोग की टीम 4 दिन के दौरे पर मंगलवार को जम्मू पहुंच रही है। टीम के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा भी मौजूद रहेंगे। आयोग 9 जुलाई तक यहां रहेगा। परिसीमन आयोग 8 जुलाई को जम्मू में राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधिमंडल से मिलेगा। वो परिसीमन को लेकर उनके सुझाव और आपत्तियां जानेगा। बैठक में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती को छोड़कर लगभग सभी पार्टी के नेताओं ने शामिल होने की जानकारी दी है।

पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती पहले ही घोषणा कर चुकी हैं कि वे तब तक कोई चुनाव नहीं लड़ेंगी, जब तक कि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल नहीं हो जाता। कुल मिलाकर वे आर्टिकल 370 को फिर से बहाल करने की मांग पर अड़ी हैं, जो संभव नहीं दिखता।

फेरबदल

मंत्रिमंडल विस्तार से पहले कई राज्यों के राज्यपाल बदले

थावरचंद को बनाया गया कर्नाटक का गवर्नर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कैबिनेट विस्तार की संभावनाओं के बीच राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कई राज्यों के राज्यपालों को बदल दिया है। केंद्रीय मंत्री थावरचंद गहलोत को कर्नाटक का राज्यपाल बनाया गया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कर्नाटक, मध्यप्रदेश और हिमाचल समेत आठ राज्यों में नए राज्यपाल नियुक्ति किए हैं। मोदी मंत्रिमंडल के विस्तार से पहले राजस्थान से आने वाले दलित नेता और केंद्र में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री थावर चंद गहलोत को कर्नाटक का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। इसके अलावा हरि बाबू कंभमपति को मिजोरम का राज्यपाल और मंगूभाई छगनभाई पटेल को मध्यप्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। राजेंद्रन विश्वनाथ अर्लेकर को हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। मिजोरम के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई को गोवा का राज्यपाल बनाया गया है। हरियाणा के राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य को त्रिपुरा के गवर्नर बनाया। त्रिपुरा के राज्यपाल रमेश बैस को झारखंड का राज्यपाल बनाया गया है। इसके अलावा बंडारू दत्तात्रेय को हरियाणा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

दिल्ली में आज अमरिंद करेंगे सोनिया गांधी से मुलाकात

नई दिल्ली। (पंजाब) में अगले साल के शुरू में विधानसभा चुनाव होने हैं और इससे ठीक पहले कांग्रेस में घमासान चरम पर है। ताजा खबर यह है कि पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह दिल्ली आ रहे हैं और यहां दिन में 3 बजे कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात के दौरान राहुल गांधी भी मौजूद रहेंगे। उम्मीद की जा रही है कि बीते महीनों से चला आ रहा कैप्टन बनाम क्रिकेटर यानी कैप्टन अमरिंदर सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू झगड़ा खत्म हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ तो पंजाब में कांग्रेस को बड़ा नुकसान हो सकता है। हाल के दिनों में कैप्टन अमरिंदर सिंह की तीसरी दिल्ली यात्रा है।

पहली बार एक साथ 8 राज्यों के राज्यपाल बदले

कैबिनेट से थावर चंद को निकालकर कर्नाटक का राज्यपाल बनाया, सिंधिया के लिए जगह बनाई

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार में कैबिनेट विस्तार से ठीक एक दिन पहले मंगलवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने एक साथ 8 राज्यपालों की नियुक्ति की। इनमें से एक केंद्रीय मंत्री थावर चंद गहलोत भी हैं। उन्हें कर्नाटक का गवर्नर बनाया गया है। थावर चंद मप्र कोटे से कैबिनेट में मंत्री थे। माना जा रहा है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया को जगह देने के लिए थावर चंद को कैबिनेट से निकाला गया है। 73 साल के थावर चंद 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से लगातार उनकी कैबिनेट में शामिल रहे हैं। हालांकि, सिंधिया का प्रोफाइल क्या होगा, ये अभी तय नहीं है। ये चर्चा जरूर है कि मोदी उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपेंगे। अभी तक मध्य प्रदेश से मोदी कैबिनेट में 4 मंत्री थे। नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, थावर चंद गहलोत और फग्गन सिंह कुलस्ते। राज्यपालों की एक साथ ये सबसे बड़ी नियुक्ति है। इससे पहले अगस्त 2018 में 7 राज्यों में एक साथ राज्यपाल बदले गए थे। इससे पहले अगस्त 2018 में एक साथ 7 राज्यों के राज्यपाल बदले गए थे। उस समय हरियाणा के राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी को त्रिपुरा की जिम्मेदारी दी गई थी। वहीं, मेघालय के राज्यपाल गंगा प्रसाद को सिक्किम और त्रिपुरा के राज्यपाल तथागत राय को गंगा प्रसाद की जगह मेघालय भेजा गया। साथ ही, बेबी रानी मौर्य को उत्तराखंड, सत्यदेव नारायण आर्य को हरियाणा, सत्यपाल मलिक को जम्मू-कश्मीर और लालजी टंडन को बिहार का राज्यपाल बनाया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 जुलाई को कैबिनेट का विस्तार कर सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, मोदी 2.0 का पहला विस्तार बुधवार को सुबह 11 बजे होगा। कैबिनेट में अभी 28 मंत्री पद खाली हैं और बताया जा रहा है कि 17-22 सांसदों को मंत्री पद की शपथ दिलाई जा सकती है। सूत्रों के

मंगूभाई छगनभाई पटेल बने मध्य प्रदेश के नए राज्यपाल

यूपी-बिहार-महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से बनेंगे मंत्री

मध्य प्रदेश: राज्य में भाजपा की सरकार बनाने में अहम रोल निभाने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया मोदी कैबिनेट का नया युवा चेहरा बन सकते हैं। उनके अलावा जबलपुर से भाजपा सांसद राकेश सिंह का भी नाम है। मध्य प्रदेश से 1-2 नामों की चर्चा कैबिनेट विस्तार के लिए है।

बिहार: लोजपा से सांसद पशुपति कुमार पारस और छ्वष्ठ के आरसीपी सिंह को मंत्री बनाया जा सकता है। बिहार से 2-3 नामों की चर्चा है।

उत्तर प्रदेश: अपना दल की अनुप्रिया पटेल का नाम सबसे आगे है। अनुप्रिया पिछले महीने दिल्ली जाकर गृह मंत्री अमित शाह से भी मिली थीं। उनके अलावा वरुण गांधी, रामशंकर कठेरिया, अनिल जैन, रीता बहुगुणा जोशी, जफर इस्लाम के नाम की भी चर्चा है।

महाराष्ट्र: महाराष्ट्र से भाजपा सांसद हिना गावित को केंद्र में मंत्री बनाया जा सकता है। उनके अलावा भूपेंद्र यादव, पूनम महाजन और प्रीतम मुंडे का नाम भी चर्चा में है।

3 पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक डिप्टी सीएम की चर्चा

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत, असम के पूर्व मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे को भी केंद्र में मंत्री बनाया जा सकता है। तीरथ सिंह रावत ने 2 दिन पहले 3 जुलाई को ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था। इनके अलावा बिहार के पूर्व डिप्टी ष्टस्रूसुशील मोदी को भी मंत्रिमंडल में जगह दी जा सकती है।

आठ में से 4 का ट्रांसफर, चार नए गवर्नर

- मंगूभाई छगनभाई पटेल: मध्य प्रदेश के राज्यपाल होंगे।
- थावर चंद गहलोत: केंद्रीय मंत्री थे, अब कर्नाटक के राज्यपाल होंगे।
- रमेश बैस: त्रिपुरा के गवर्नर थे, अब झारखंड के गवर्नर होंगे।
- बंडारू दत्तात्रेय: हिमाचल के गवर्नर थे, अब हरियाणा के राज्यपाल होंगे।
- सत्यदेव नारायण आर्य : हरियाणा के राज्यपाल थे, अब त्रिपुरा के गवर्नर होंगे।
- राजेंद्र विश्वनाथ आरलेकर: हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल होंगे।
- पीएस श्रीधरन पिल्लई: मिजोरम के राज्यपाल थे, अब गोवा के गवर्नर होंगे।
- हरिबाबू कम्भमपति: मिजोरम के राज्यपाल होंगे।

भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर शुरू किया अपना अलग मानसून सत्र

निलंबन का कर रहे विरोध

महाराष्ट

महाराष्ट्र विधानसभा में सोमवार को स्पीकर ने भाजपा के 12 विधायकों को गाली-गलौच और बदसलूकी करने पर एक साल के लिए निलंबित कर दिया था। इसके विरोध में आज यानी मंगलवार को भाजपा के विधायकों ने सदन के बाहर अपना समानांतर विधानसभा सत्र शुरू किया है। भाजपा विधायक हाथ में पोस्टर लिए सदन के बाहर बैठे नजर आए। महाराष्ट्र विधान परिषद में एलओपी प्रवीण दरेकर ने घोषणा की कि कालिदास कोलंबकर उनके इस सत्र में अध्यक्ष होंगे। महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर भाजपा विधायकों ने मंगलवारको अपने 12 विधायकों के निलंबन और ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया। विधानसभा के बाहर भाजपा विधायकों के विरोध प्रदर्शन में पूर्व सीएम और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस भी नजर आए।

इन विधायकों को किया निलंबित

महाराष्ट्र विधानसभा में कल स्पीकर ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 12 विधायकों को एक साल के लिए निलंबित कर दिया। सभी विधायकों पर सदन में हंगामा करने का आरोप लगाया गया है। भाजपा के जिन 12 विधायकों को सदन से निलंबित किया गया है, उनमें संजय कुटे, आशीष शेलार, अतुल भातखलकर, पराग अलवानी, विजय कुमार रावल, अभिमन्यु पवार, गिरीश महाजन, हरीश पिंपले, राम सातपुते, योगेश सागर, नारायण कुचे, कीर्ति कुमार बंगड़िया का नाम शामिल है। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष देवेंद्र फडणवीस ने जोर देकर कहा कि ये झूठे आरोप हैं।

राउत ने निलंबित के फैसले की हिमायत की

शिवसेना के सांसद संजय राउत ने विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में पीठासीन अधिकारी भास्कर जाधव के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने को लेकर महाराष्ट्र विधानसभा

कोरोना की तीसरी लहर

50 साल से ज्यादा उम्र वालों को डेल्टा वैरिएंट का सबसे ज्यादा खतरा

नई दिल्ली, एजेंसी

कोरोनावायरस की दूसरी लहर बहुत सी कठिनाइयां और चुनौतियां लेकर आई। इस लहर में व्यक्ति न सिर्फ शारीरिक तौर पर कमजोर हुआ है बल्कि उसका दिमागी संतुलन भी डगमगाया हुआ है। हालांकि, अब दूसरी लहर के प्रसार की रफ्तार धीमी पड़ती दिख रही है, लेकिन अब लोग डेल्टा और डेल्टा प्लस वैरिएंट से खौफ खा रहे हैं। जो तीसरी लहर के रूप में मानव जीवन पर एक खतरा बनकर कहर बरपा सकता है। शुरुआत में बुजुर्ग लोग डेल्टा वैरिएंट की चपेट में आए, लेकिन अब लगता है कि बाकी आबादी पर इसका खतरा मंडरा रहा है। यूके की एक स्टडी के मुताबिक डेल्टा के कारण होने वाली मौतों के 117 मामले थे, जिनमें से अधिकांश लोग 50 साल से अधिक उम्र के थे। इनमें से 50 साल से ज्यादा उम्र वाले 38 लोग थे जिन्हें वैक्सीन नहीं लगी थी, वहीं इसी एज ग्रुप के 50 वो लोग थे जिन्हें दोनों डोज लग चुकी थी। इनमें 50 साल से कम उम्र वाले 6 लोग ऐसे थे जिन्हें वैक्सीन नहीं लगी थी और 2 लोग वैक्सीन की एक डोज ले चुके थे।

बुजुर्ग और यंग जनरेशन दोनों को डेल्टा वैरिएंट का अधिक खतरा

पब्लिक हेल्थ इंग्लैंड द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि बुजुर्ग और यंग जनरेशन दोनों को डेल्टा वैरिएंट का अधिक खतरा है। उन्होंने कहा, जब इतने सारे नए रूप सामने आ रहे हैं, तो सतर्क रहना हमारी जिम्मेदारी और कर्तव्य है।

डेल्टा प्लस वैरिएंट के फैलने की क्षमता बढ़ सकती है

एक्सपर्ट दावा कर रहे हैं कि डेल्टा और डेल्टा प्लस दोनों ही वैरिएंट हम सभी के लिए चिंता का विषय हैं। हाल ही में, सरकारी अधिकारियों ने कहा कि डेल्टा प्लस वैरिएंट म्यूटेशन के बाद अधिक घातक है। उन्होंने दावा किया कि डेल्टा प्लस वैरिएंट के फैलने की क्षमता बढ़ सकती है। नेशनल टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप ऑफ इम्यूनाइजेशन (हञ्ज्ल्ठ्ठ) के अध्यक्ष डॉक्टर एनके अरोरा का कहना है कि कोरोना के बाकी वैरिएंट के मुकाबले, डेल्टा प्लस वैरिएंट फेफड़ों तक जल्दी और आसानी से पहुंच जाता है।

ट्विटर का कबूलनामा

नए नियमों का पालन ना करने की बात मानी अदालत ने कहा- सरकार कार्रवाई के लिए स्वतंत्र

नईदिल्ली।

दिल्ली हाईकोर्ट में ट्विटर ने मंगलवार को माना कि कंपनी ने भारत सरकार की ओर से बनाए गए नए आईटी नियमों का पालन नहीं किया है। इस पर हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि अब केंद्र सरकार पर ट्विटर पर कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है और अब कंपनी को सुरक्षा नहीं दी जा सकती।

इसके अलावा दिल्ली हाईकोर्ट ने ट्विटर की ओर से की जा रही देरी पर नाराजगी जताई है। ट्विटर की ओर से शिकायत निवारण अधिकारी की नियुक्ति को लेकर देरी की जा रही है, जिस पर दिल्ली हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। दिल्ली हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति रेखा पाली ने ट्विटर के प्रतिनिधियों से सवाल किया कि आपको इस प्रक्रिया में कितना और समय लगेगा। न्यायमूर्ति रेखा पाली ने कहा कि अगर ट्विटर को ये लगता है कि वो हमारे देश में जितना समय चाहे, उतना ले सकता है तो मैं इसकी अनुमति नहीं दूंगी। बता दें कि भारत के नए आईटी नियमों के मुताबिक, देश में सभी सोशल मीडिया कंपनी को एक शिकायत निवारण अधिकारी की नियुक्ति करनी है। ट्विटर की ओर से अंतरिम शिकायत अधिकारी की नियुक्ति की गई थी, लेकिन उसने भी इस्तीफा दे दिया। इस हाईकोर्ट ने ट्विटर से कहा कि उनके इस्तीफे के बाद कम से कम किसी दूसरे व्यक्ति को नियुक्त कर सकते थे।

इस पर ट्विटर ने कहा कि हम नए अधिकारी की नियुक्ति करने जा रहे हैं। इस पर कोर्ट ने फटकार लगाते हुए पूछा कि आखिर ये प्रक्रिया कब पूरी होगी। इसके बाद कोर्ट ने ट्विटर के वकील से कहा कि आप अपने क्लाइंट यानी ट्विटर से पूछकर बताएं कि शिकायत अधिकारी की नियुक्ति में और कितना समय लगेगा।

HOME
DRYWALL&PAINTING

RAJANAL SHARMA

Building, Commercial and A to Z Building Construction Work.

SHARMA
PAINTING CONTRACTOR
Wall Putty, Spray Polish
All type of Painting Work Done Here

☎ +91 9340333403 CLICK HERE FOR CALL

+91 9340333403 CLICK HERE FOR WHATSAPP

✉ rajanalsharmamp3997@gmail.com

Bakharopara, kondagaon Road, Narayanpur (mp)

DESIGN BY-DIGITALINDIACOMPANY.IN DVC, WEBSITE, MINI WEB CLICK HERE

संक्षिप्त समाचार

पुलिस ने पकडी 4.40 लाख की स्मैक, 3 तस्कर गिरफ्तार

शिवपुरी। शहर के फिजिकल और कोलारस थाना पुलिस ने 4.40 लाख रु. की स्मैक के साथ गुना और अशोकनगर जिले के तीन तस्करों को पक?ा है। पुलिस ने स्थानीय स्मैक तस्करों पर शिकंजा कसा तो कारोबार को आगे ब?ाने के लिए बाहर के तस्करों ने मोर्चा संभाल लिया है। एक से डे? महीने में ही पुलिस कई स्मैक तस्करों को धीरे-धीरे दबोच चुकी है। फिजिकल थाना प्रभारी कृपाल सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि गुना नाके और दो बत्ती चौराहे की तरफ दो युवक आल्टो कार से आ रहे हैं। जाधव सागर पर गणेश कुंड पर चेकिंग लगाकर तलाशी ली तो दो युवकों से 24 ग्राम स्मैक बरामद हुई। राजकुमार (32) पुत्र जगदीश मीणा निवासी ग्राम नलखेड़ा चांचौ?ा जिला गुना और ओमप्रकाश (35) पुत्र फूलसिंह मीणा निवासी ग्राम बकापुर चांचौ?ा जिला गुना से कुल 2 लाख 40 हजार की स्मैक जब्त की है। वहीं कोलारस टीआई संजय मिश्रा ने बताया कि सूचना मिली थी कि भे? फार्म के पास फोरलेन हाईवे पर एक युवक संदिग्ध हालात में खड़ा है। रविवार की शाम 7 बजे मौके पर पहुंचकर युवक की तलाशी ली तो कब्जे से 20 ग्राम स्मैक मिली।इश्तियाक (27) पुत्र शमीन खान निवासी शाढौरा जिला अशोकनगर से 2 लाख की स्मैक बरामद की है। संबंधित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में ले लिया है।

इन फीडरों पर आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

शिवपुरी-आवश्यक रखरखाव का कार्य किए जाने हेतु 07 जुलाई को 11 के.व्ही.बड़ागांव, 33 केव्ही भैसाना, रोनाखेड़ी एवं जसराजपुर तथा भगोरा फीडर पर विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। बुधवार को 11 केव्ही बड़ागांव फीडर पर प्रातः 10 बजे से अपराह्न 04 बजे तक बड़ागांव, बड़ोदी के आसपास क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। 33 केव्ही भैसाना, रोनाखेड़ी एवं जसराजपुर फीडर के बंद रहने से प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक 33/11केव्ही उपकेन्द्र भैसाना, झिरी, रोनाखेड़ी, जसराजपुर, सिरसौद और ठर्रा से जुड़े समस्त क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। 33 केव्ही भगोरा फीडर के बंद रहने से दोपहर 12 बजे से अपराह्न 3 बजे तक 33/11 केव्ही उपकेन्द्र भगोरा, पाठखेड़ा, बांसखेड़ी एवं बिलोकलां से जुड़े समस्त क्षेत्र एवं एचटी उपभोक्ता प्रभावित रहेंगे।

तेंदूपत्ता संग्रहण की राशि का नहीं हुआ भुगतान तो कलेक्ट्रेट पहुंचे मजदूर

शिवपुरी। ग्राम गणेशखेड़ा तहसील पिछोर के रहने वाले करीब एक दर्जन से अधिक लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और एक ज्ञापन कलेक्टर के नाम देकर तेंदूपत्ता संग्रहण की राशि का भुगतान कराए जाने की मांग की। ग्रामीण रघुवीर, रतनसिंह, वीरन, थानसिंह, सुरेश, प्रीतम, मुन्नालाल सोनी ने बताया कि हमने तेंदू पत्ता तोड़ने का काम किया था लेकिन अभी तक 210 मजदूरों का भुगतान नहीं किया है। मामले को लेकर कई बार नोडल अधिकारी सुरेंद तिवारी से भुगतान की बात की लेकिन कोई हल नहीं निकला। भुगतान न होने से भूखों मरने कीं स्थिति आ गई है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से भुगतान कराए जाने की मांग की।

पुरानी शिवपुरी बाजार गए युवक की बाईक चोरी

शिवपुरी। पुलिस थाना देहात क्षेत्र अंतर्गत आने वाली पुरानी शिवपुरी बाजार क्षेत्र से एक युवक की बाईक चोरी हो गई। मामले को लेकर फरियादी ने पुलिस थाना देहात में शिकायत दर्ज कराई है जिस पर पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में ले लिया है। जानकारी के अनुसार फरियादी मो. शरीफ निवासी जवाहर कॉलोनी शिवपुरी अपनी बाइक से सुभाषपार्क पुरानी शिवपुरी बाजार की ओर गया हुआ था जहां उसने बाइक को ताला लगाकर रख दिया। जब वह वापस आया तो देखा कि बाइक रखे हुए स्थान पर नहीं थी जिस पर उसने आसपास पूछताछ की लेकिन बाइक का कहीं कुछ पता नहीं चल सका। जिसके बाद वह थाने गया और मामले में केस दर्ज करवाया। पुलिस ने मामले को लेकर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में ले लिया है।

नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित, वादपूर्व एवं प्रीलिटिंगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा

विद्युत प्रकरण, नगर पालिका निगम तथा नगर पालिका के संपत्ति, जल कर लेकर प्रकरणों का होगा निराकरण

शिवपुरी- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण,नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्री विनोद कुमार के मार्गदर्शन में 10 जुलाई 2021 शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें न्यायालय में लंबित प्रकरणों एवं वादपूर्व प्रीलिटिंगेशन प्रकरण का निराकरण किया जाएगा।

जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अर्चना सिंह ने बताया कि उक्त लोक अदालत में राजीनामा योग्य कुल 3452 प्रकरण निराकरण हेतु रैफर किये गये हैं, जिसमें 491 अपराधिक शरनीय प्रकरण, 887 चैंक बाउन्स संबंधी प्रकरण, 272 मोटर दुर्घटना क्लेम प्रकरण, 1460 विद्युत प्रकरण जोकि न्यायालय में लंबित है, 81 वैवाहिक प्रकरण तथा 260 सिविल प्रकरण शामिल हैं। उक्त प्रकरणों का निराकरण किये जाने हेतु पक्षकारगण तथा अन्य संबंधितों के साथ लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इसके साथ ही विद्युत प्रकरणों, नगर पालिका निगम तथा नगर पालिका परिषद/नगर परिषद के संपत्ति कर एवं जलकर संबंधी प्रकरण, जो कि न्यायालय के समक्ष लंबित है तथा वाद पूर्व प्रकरणों के निराकरण में नियमानुसार छूट प्रदान की जा रही है । ऐसे पक्षकार जोकि अपना प्रकरण दिनांक 10 जुलाई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में निराकृत कराकर नियमानुसार छूट का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं। अथवा छूट के संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहते है कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय, शिवपुरी में सम्पर्क कर सकते हैं।

विवाद विहीन गांव है अनूठी पहल

विधिक सेवा प्राधिकण से जुड़ी श्रीमती शिखा शर्मा ने बताया कि विधिक सेवा में एक अनूठी पहल की भी शुरूआत की गई है जिसमें विवाद विहीन गांव योजना की शुरूआत भी इस लोक अदालत के माध्यम से की गई है जिसमें विवाद विहीन गांवों में लोक अदालत से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई कर गांव के विवाद को गांव में ही निपटारा कर इस योजना को सफल बनाया जाएगा। इस दौरान ग्राम के होने वाले झगड़े, वाद-विवाद व अन्य मूलभूत समस्याओं के संदर्भ में भी जो प्रकरण आऐंगें उनको भी सुना जाकर समस्या निराकरण करने का हर संभव

9 जुलाई को सांसद डॉक्टर के पी यादव लेंगे दिशा की बैठक

शिवपुरी।

संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर के पी यादव 9 जुलाई को एक दिवसीय प्रवास पर शिवपुरी आ रहे हैं। जहां वह सर्वप्रथम 11ः00 बजे नगर पालिका परिषद शिवपुरी पहुंचकर गेल इंडिया द्वारा प्रदत कचरा संग्रहण वाहनों को नगर पालिका परिषद को सौंपेंगे तत्पश्चात 12ः00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लेंगे। उक्त बैठक में सांसद डॉक्टर के पी यादव केंद्र द्वारा चलाई जा रही सभी जनहितकारी योजनाओ व कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। उसके बाद 2 बजे से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक व 3 बजे से नल जल योजना से संबंधित बैठक भी सांसद यादव कलेक्ट्रेट में लेंगे बैठक के बाद सांसद डॉक्टर के पी यादव शिवपुरी से अशोकनगर के लिए प्रस्थान करेंगे

राजस्थान हाईकोर्ट में सर्वाधिक चयन रेडिऐन्ट से

शिवपुरी-रेडिऐन्ट के मैनेजमेंट स्टाफ को दिल से धन्यवाद । जिसके कुशल मार्गदर्शन के कारण आज हमारा कैरियर बन गया और जीवन सफ्ल हो गया उक्त उद्गार हाल ही में राजस्थान हाईकोर्ट के ग्रेड तृतीय स्टेनोग्राफर के पद पर चयनित छात्रों अमन गुप्ताए जूली सोनीए गगन शर्माए अमन शर्माए दीपेश जैनए सौरभ लक्षाकारए कौसर बानोएसोनम झा ने व्यक्त करते हुए कहा। ये सफ्लता इन छात्रों के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि यह परीक्षा दिनांकः 03ण्04ण्2021 से 08ण्04ण्2021 तक आयोजित की गई थी उस समय देश कोरोना जैसी महामारी से जूझ रहा था ऐसी परिस्थिति में भी रेडिऐन्ट आईण्टीण्आई के प्रशिक्षको द्वारा छात्रों को ऑनलाइन क्लास के माध्यम से तैयारी कराई जिसका परीक्षा परिणाम हाल ही में घोषित हुआ है। इससे पूर्व गतवर्ष भी रेडिऐन्ट ग्रुप के अनेक छात्रों ने एमण्पीण् हाईकोर्टए उण्प्रण् हाईकोर्ट एवं राजस्थान हाईकोर्ट में की स्टेनोग्राफर के पद पर अपना स्थान बनाया है। इस अवसर पर रेडिऐन्ट ग्रुप के संचालक शाहिद खानए प्रशिक्षक श्री मती पूनम गुप्ता एवं समस्त स्टाफ ने शुभकामनायें देते हुए कहा कि रेडिऐन्ट के छात्र ऐसे ही उच्च पदो पर चयनित होकर जिले का नाम रोशन करते रहे।

न्यायालय के आदेश पर बंदियो का डीएनए टेस्ट कराने अस्पताल पंहुची पुलिस वापस लौटी

शिवपुरी। खबर करैरा नगर के सरकारी अस्पताल की हैं जहाँ न्यायालय के आदेश पर 2 बंदियो का डीएनए टेस्ट कराने पहुंची पुलिस को पार्टी में नाच गाना कर रहे डॉक्टर और अन्य स्टॉफ ने बैरंग लौटा दिया। बताया जा रहा है कि जब करैरा पुलिस की एसआई भावना राठौर 2 बंदियो को लेकर करैरा के सामुदायिक अस्पताल पहुंची तो वहां डॉ देवेन्द्र खरे के जन्मदिन की पार्टी चल रही थी पार्टी का मजा किरकिरा न हो इसलिए न्यायालय से आदेशित कार्य को नही किया गया। करैरा पुलिस की एसआई भावना राठौर ने बताया कि सोमवार दोपहर 2.15 बजे मैं पॉक्सो व दुष्कर्म के दो आरोपियों (विनोद जाटव व अवतार सिंह गुर्जर) को लेकर इनका डीएनए टेस्ट कराने करैरा अस्पताल पहुंची । यहां पर कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं मिला तो अस्पताल के लैब टेक्नीशियन ने भावना को बताया कि सोमवार को डॉ.देवेंद्र ज खरे का जन्मदिन है, तो बीएमओ सहित सभी डॉक्टर्स बर्थ-डे पार्टी मना रहे हैं। एसआई भावना का कहना हैं कि काफी देर इंतजार करने के बाद भी जब कोई डॉक्टर नहीं आया तो मैं खुद ही उस कमरे में पहुंची,जहां पर डॉक्टर्स बर्थ-डे पार्टी कर रहे थे । मैने उनसे कहा कि हमें दो बंदियों के डीएनए टेस्ट करवाना हैं,तो बीएमओ डॉ.बृजकिशोर रावत व डॉ.देवेंद्र खरे ने अभद्रता करते हुए कहा कि यह काम हमारा नहीं है। तब मैने उनसे कहा कि इन बंदियों को न्यायालय आदेश पर हम जेल से लेकर टेस्ट करवाने के लिए आए हैं , तो डॉक्टर बोले कि हमें इससे कोई लेना देना नहीं हैं,हमारा स्वीपर नहीं आया हैं, इसलिए हम टेस्ट नहीं कर सकते । इस पर भावना ने कहा कि यदि आप टेस्ट नहीं कर रहे तो आप लिखित में दे दें,ताकि हम न्यायालय को अवगत करा सकें, लेकिन बर्थ-डे पार्टी में व्यस्त इन डॉक्टरों ने लिखकर देने से भी साफ इंकार कर दिया। एसआई भावना ने बताया कि हमने पौने 5 बजे तक इंतजार किया और जब वे टेस्ट करने नहीं आए तो हम बंदियों को वापस थाने ले गए,क्योंकि उन्हें वापस जेल भी भेजना था। बताया जा रहा है कि उक्त पार्टी में बीएमओ व डॉ.खरे के अलावा डॉ.अखिलेश शर्मा, डॉ.एनएस कुशवाह,नीलेश श्रीवास्तव भी पाटी में शामिल थे।

इनका कहना हैं : न्यायालय आदेश पर 2 आरोपियो को डीएनए सैंपल टैस्ट के लिए एसआई भावना राठौर लेकर करैरा अस्पताल गई थी,लेकिन वहां डाक्टर्स बर्थ डे पार्टी में इतने व्यस्त थे कि उन्होने सैंपल टेस्ट से मना कर दिया। हमने वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत करा दिया है और बंदियो को वापस जेल भेज दिया गया।

अमित सिंह भदौरिया,टीआई करैरा

अक्ष्यम है डॉक्टरो को यह कार्य : यादि ऐसा करैरा के बीएमओ व डॉक्टर्स ने किया है तो यह बडी गलती है और उनका यह कार्य अक्ष्म्य हैं। न्यायालय आदेश पर डीएनए टेस्ट के लिए आए बंदियों का सैंपल टेस्ट किया जाना चाहिए था मैं इसमें त्वरित कार्रवाई करूंगा।

डॉ.एएल शर्मा,सीएमएचओ शिवपुरी

तेंदुपत्ता संग्रहण की राशि का नहीं हुआ भुगतान तो कलेक्ट्रेट पहुंचे मजदूर

शिवपुरी। जिले के पिछोर तहसील के ग्राम गणेशखेड़ा तहसील पिछोर के रहने वाले करीब 60 से अधिक लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और एक ज्ञापन कलेक्टर के नाम देकर तेंदूपत्ता संग्रहण की राशि का भुगतान कराए जाने की मांग की। ग्रामीणों में रघुवीर, रतनसिंह, वीरन, थानसिंह, सुरेश, प्रीतम, मुन्नालाल सोनी ने बताया कि हमने तेंदू पत्ता तोड़ने का काम किया था लेकिन अभी तक 210 मजदूरों का भुगतान नहीं किया है। मामले को लेकर कई बार नोडल अधिकारी सुरेंद तिवारी से भुगतान की बात की लेकिन कोई हल नहीं निकला। भुगतान न होने से भूखें मरने की स्थिति आ गई है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से भुगतान कराए जाने की मांग है। इसी में पिछोर तहसील के ही तीन गांव घटबरा, राजपुर, बलदेवपुर गरेठा समिति के तेंदू पत्ता संग्राहकों का भी भुगतान नही किया गया हैं।

जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

शिवपुरी।

पूरे प्रदेश में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभिनव पहल करते हुए अंकुर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से जन-जन को जोड़ने के लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिलेवासियों को वृक्ष लगाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अब जन जागरूकता रथ के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाएगा। मंगलवार को पोहरी रोड स्थित जिला पंचायत कार्यालय से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने रथ को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर एडिशनल सीईओ जिला पंचायत महेंद्र कुमार जैन, परियोजना अधिकारी अजय कुमार गुप्ता, जनपद सीईओ गगन बाजपेई ,जिला समन्वयक जन अभियान परिषद धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया सहित जन अभियान परिषद के वालंटियर हरिओम शर्मा, धर्मवीर गुर्जर, मयंक राठौर, भास्कर राठौर, केशव शर्मा, बृजेश शर्मा, सीमा खटीक, वीरेंद्र शर्मा, मनीष राठौर, आदि लोग उपस्थित थे। रथ को रवाना करते हुए यह भी कहा कि वृक्ष हमें प्राणवायु प्रदान करते हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्ष लगाना बहुत जरूरी है, इसलिए सभी इस अभियान से जुड़े और वृक्ष लगाएं। अपने घर अपने आसपास वातावरण को हरा-भरा रखने के लिए वृक्ष अवश्य लगायें

तीसरी लहर की आशंकाओं के बीच जिला प्रशासन का रोको टोको अभियान आज से शुरू

सुबह 10:30 पर मुख्य चौराहे से कलेक्टर शिवपुरी करेंगे शुरुआत

शिवपुरी।

कोरोना की तीसरी लहर की आशंकाओं के बीच मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा हाल ही में ली गई क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों की मीटिंग के बाद जिला प्रशासन रोको टोको अभियान पुनः शुरू करने जा रहा है, इसकी शुरुआत आज बुधवार सुबह 10ः30 बजे कलेक्टर शिवपुरी अक्षय कुमार सिंह मुख्य चौराहे से करेंगे। कलेक्टर शिवपुरी ने क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों से एवं आम नागरिकों से अपील की है कि तीसरी लहर की संभावनाओं को देखते हुए लोगों को मास्क लगाए रखने के लिए प्रेरित किया जाए साथ ही रोको टोको अभियान चलाकर दुकानदारों एवं अन्य लोगों को भी मास्क लगाकर ही कार्य करने की अपील करने को कहा है।कुल मिलाकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मीटिंग के बाद एक बार फिर जिला प्रशासन अब बड़े स्तर पर रोको टोको अभियान चलाकर आम जनता को तीसरी लहर के प्रति जागरूक करने जा रहा है। नवनीत एक्सप्रेस परिवार भी आप सभी से अपील करता है कि तीसरी लहरी की संभावनाओं और आशंकाओं को देखते हुए हमें मास्क लगाकर ही बाजारों में निकलना है और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना है जो हमारे साथ साथ सभी के लिए बहुत आवश्यक है।

विश्व हिन्दू महासंघ भारत की विंध्य क्षेत्र को लेकर वर्चुअल मीटिंग का आयोजन



शिवपुरी-विश्व हिन्दू महासंघ भारत की विंधय क्षेत्र की वर्चुअल मिटिंग का आयोजन किया गया। हिंदुत्व की विचारधारा को प्रचारित व प्रसारित करना ही इस संगठन का उददेश्य है, संगठन के विंधय क्षेत्र में बढते कदम से संगठन के सभी पदाधिकारियों मे एक नयी ऊर्जा का संचार दिखाना प्रारंभ हो गया है। संगठन की वर्चुअल मिटिंग मे विंधय क्षेत्र के सभी जिलाध्यक्षो की सहभागिता पूर्ण मनोयोग से रही संगठन के विस्तार में सभी पदाधिकारियों ने अपनी भूमिका को पहचानते हुए हिन्दूतव की विचारधारा को प्रचारित व प्रसारित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्षा डा.नीलम मिश्रा का उदबोधन सराहनीय व प्रशंसनीय रहा उनके उदबोधन से सभी पदाधिकारियों मे एक नयी ऊर्जा का संचार दिखा। इसी तारतम्य में प्रदेश संयोजक आचार्य शशि कान्त द्विवेदी महाराज, संगठन के विस्तार में हर पदाधिकारियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की बात कही। इसी दिशा में विंधय क्षेत्र संयोजक एम.एल.पांडेय द्वारा पुरी इमानदारी से संगठन के प्रति निष्ठा पूर्वक कार्य करने की बात कही। बैठक की इसी कडी में विंधय क्षेत्र प्रभारी उमाकान्त मिश्रा अधिवक्ता हर जिलाध्यक्षो को अपने-अपने क्षेत्र में जिला कार्या कारिणी का गठन शीघ्र से शीघ्र बनाने का निर्देश दिया ।

सरैया बने शासकीय अध्यापक संगठन के प्रांतीय सचिव

शिवपुरी। शासकीय अध्यापक संगठन के प्रांताध्यक्ष आरिफ अंजुम ने प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए प्रदेश सचिव के पद पर अरविन्द सरैया का मनोनयन किया है। श्री सरैया के मनोनयन से अध्यापकों मे हर्ष की लहर दौ? गयी है। अरविन्द सरैया हमेशा से कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्ष करते रहे हैं। प्रदेश सचिव के पद पर मनोनयन होने पर अरविन्द सरैया ने प्रांताध्यक्ष आरिफ अंजुम सहित समस्त प्रदेश पदाधिकारियों का आभार माना है। उनका कहना है कि वे सदैव संगठन एवं कर्मचारी हित में पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करते रहेंगे। उनके प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत होने से कर्मचारियों एवं अध्यापकों ने उन्हे बधाईयां प्रेषित की हैं। बधाईयां देने बालों में जिलाध्यक्ष पवन अवस्थी, प्रांतीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राज कुमार सरैया, आजाद के जिलाध्यक्ष सुनील वर्मा, शासकीय सेवक सेतू भारत के प्रदेश सचिव संजय भार्गव राष्ट्रीय, प्रदेश उपाध्यक्ष इरशाद कुरेंशी, प्रांतीय प्रवक्ता आनंन्द लिटोरिया, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता भदौरिया, कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय पाराशर, जिला उपाध्यक्ष यादवेन्द्र चौधरी, प्रदीप अवस्थी, कोलारस ब्लॉक अध्यक्ष दीपक भगौरिया, पिछोर अध्यक्ष सतीश शर्मा, शासकीय सेवक सेतू भारत के जिलाध्यक्ष अमरदीप श्रीवास्तव, आजाद के जिला संयोजक केपी जैन, राजू शर्मा पिपरघार, कर्मचारी कांग्रेस के शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष महावीर मुदगल, राजेश जाटव, कुलदीप भार्गव आदि शामिल हैं।

वन-टू-वन

5000 का इनामी फरार नगरा पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की

पुलिस थाना नगरा
जिला- मुरैना (म.प्र.)

पोरसा। पुलिस थाना नगरा प्रभारी धर्मेंद्र मालवीय ने ?5000 का इनामी फरार अवैध शराब, जुआ, सट्टा, के अंतर्गत अपराधी को पकड़ने में सफलता हासिल की,,,,,,, पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरवरिया, एसडीओपी अशोक सिंह जादौन, के निर्देशन में कार्य कर रही पुलिस थाना नगरा नेआज ?5000 का इनामी मोहन सिंह परमार पुत्र रामबरन सिंह परमार निवासी मांधाता का पूरा को आसमानी माता मंदिर के पास ओरेठी से घेरा डालकर के पकड़ने में सफलता अर्जित की,,,इस सफलता के लिए थाना प्रभारी धर्मेंद्र मालवीय को मुखबिर की सूचना पर मय फोर्स के जिसमें दुर्गेश सिंह, रूपनारायण दौहरे, मधुराज सिंह, मुनेंद्र सिंह, सुभाष, रविंद्र, गजेंद्र सिंह,उमेश, अंकेश सिंह, ने घेरा डालकर अपराध क्रमांक 41/21 की धारा 399 ,,400,,,402 भारतीय दंड विधान की 11,,13 एमपीडीपी के आरोपी को पकड़ने में सफलता अर्जित की।

मासूम बच्ची के हत्यारे को फांसी की सजा दिलाने के लिए सर्व समाज हुआ एकत्र

सर्व समाज उतरा सड़को पर कैंडल मार्च निकालकर मासूम बच्ची को दी श्रद्धांजलि

दरिंदगी का शिकार हुई बालिका को गमनीन शहर ने दी श्रद्धांजलि

अम्बाह। पूठ रोड़ पर 5 वर्षीय बालिका के साथ ज्यादती के चलते उसकी मौत की घटना को लेकर शहर के लोगों में गुस्सा है। मासूम से दरिंदगी के विरोध में शहर के युवाओ ने कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया ।

इस दौरान कस्बे के पीपल चौराहे पर पंडित राम प्रसाद विस्मिल स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित कर मासूम के गुनहगार को कड़ी से कड़ी सजा देने और बच्चियों महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम करने की मांग की गई। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और युवाओं ने हिस्सा लिया। कार्यकर्ताओं ने कैंडल जलाकर और दो मिनट का मौन रखकर बालिका को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान लोगों ने कहा कि प्रदेश में दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ती जा रही है। इसके चलते बालिकाओं और महिलाओं का अकेले घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। इलाके मे भी अब भय का माहौल बनता जा रहा है। दुष्कर्म और छेड़छाड़ की घटनाओं पर रोक लगाने और पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए कठोर कानून बनाकर आरोपियों को फांसी देने का प्रावधान किया जाये और कहा कि कुत्सित सोच और मानसिक विकृति के चलते कुछ लोग ऐसी घटनाओं को अंजाम देकर समाज को कलंकित कर रहे हैं समाज में पनप रही है इस बीमारी को नासूर बनने से रोकने के लिए इनका उपचार जरूरी है और दोषियों को फांसी की सजा ही एकमात्र उपचार है इस अवसर पर 2 मिनट का मौन रखकर दरिंदगी का शिकार हुई बालिका को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई मौजूद लोगों ने कहा कि ऐसी घटनाएं देश के लिए शर्मनाक हैं केंद्र सरकार और राज्य सरकार आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दे जिससे इस प्रकार की हिम्मत कोई ना कर सके ।

वैक्सीनेशन अभियान के तहत आज लगेगा पहला और सेकेंड डोज

अम्बाह--शहर में जारी वैक्सीनेशन अभियान के तहत आज बुधवार 7 जुलाई सिविल अस्पताल के टीकाकरण केंद्र पर कोविड- 19 की वैक्सीन का प्रथम व सेकेंड डोज लगाया जायेगा।

वैक्सीनेशन का यह कार्य प्रातः 8.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि कोरोना सुरक्षा चक्र को मजबूती प्रदान करने के लिए वैक्सीन के दोनों डोज लेना अत्यंत आवश्यक है।

बीएमओ डॉक्टर डीएस यादव के अनुसार अस्पताल को 600 डोज उपलब्ध कराई गई है इसलिए पात्र सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वह वैक्सीन की पहली व दूसरी डोज अवश्य लगवायें और कोरोना से सुरक्षा के चक्र को और मजबूत करें।

जल जीवन मिशन में 39 लाख से अधिक ग्रामीण घरों में पहुँचा नल से जल

1.60 लाख स्कूलों, आँगनवाड़ियों में नल कनेक्शन का काम प्रगति पर

मुरैना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच थी कि देश की ग्रामीण आबादी के लिए भी शहरों की ही तरह पेयजल की समुचित व्यवस्था होना चाहिए। ''चाह से निकली राह'' और प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 15 अगस्त 2019 को लाल किले से राष्ट्रीय जल जीवन मिशन की घोषणा की। मिशन की गाइड लाइन जारी होते ही विभिन्न राज्यों ने अपने ग्रामीण क्षेत्र की जल व्यवस्था के लिए मिशन के अन्तर्गत कार्य प्रारम्भ किए ताकि गाँवों के हर घर में नल कनेक्शन दिया जा सके। मिशन पर होने वाला व्यय केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा बराबर-बराबर वहन किया जाता है। प्रदेश में जल जीवन मिशन में अब तक 39 लाख एक हजार 181 घरेलू नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। समूची ग्रामीण आबादी के लिए एक करोड़ 3 लाख नल कनेक्शन दिए जाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में आईएमआईएस पोर्टल पर दर्ज करीब 95 हजार शालाओं और 66 हजार से अधिक आँगनबाड़ियों में भी स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिये नल कनेक्शन दिए जाने का कार्य प्रगतिरत है। अब-तक स्कूल तथा आँगनबाड़ियों में 26 हजार से अधिक नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। प्रदेश की करीब सवा 5 करोड़ ग्रामीण आबादी को नल कनेक्शन के जरिये गुणवत्तापूर्ण और पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध करवाने के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशों के अनुरूप जल जीवन मिशन के अन्तर्गत त्वरित कार्यवाही की जा रही है।

भाजपा नगर मंडल पोरसा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर वृक्षारोपण एवं स्वच्छता कार्यक्रम किया संपन्न

पोरसा। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पोरसा के द्वारा सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर नागाजी मुक्तिधाम एवं वसंत विहार कॉलोनी मैं वृक्षारोपण व स्वच्छता अभियान कार्यक्रम संपन्न किया गया पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा मोगरा चमेली नीम आदि के वृक्ष लगाकर उनकी देखरेख करने की भी प्रतिज्ञा ली मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ने कहा की वृक्ष हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं अधिक वृक्ष लगने से हमें शुद्ध वायु मिलती है और पर्यावरण में शुद्धता मिलती है हम सभी को मिलकर वृक्ष जरूर लगाने चाहिए और अपने आसपास गंदगी ना रखें मोहल्ला एवं गलियों को स्वच्छ रखने से बीमारी कम होती है स्वच्छता से गली मोहल्ले प्रदूषण मुक्त रहते हैं कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता डॉक्टर अनिल कुमार गुप्ता जसराम गुप्ता कमल जाटव अशोक सिंह तोमर योगेश शर्मा लोकेंद्र तोमर शिवराज सिंह तोमर राघवेंद्र कटारे आलोक गुप्ता भूपेश शिवहरे रमाकांत शर्मा भूरे तोमर सुभाष गुप्ता

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के लिये उपार्जन स्थल चिन्हित

मुरैना। मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय के आदेशानुसार ई-उपार्जन पोर्टल पर ग्रीष्मकालीन फसल मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जाना है।

कलेक्टर बक्की कार्तिकेयन के निर्देशन के पश्चात् विगत 30 जून को उपार्जन समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है कि जिले में अम्बाह, पोरसा, मुरैना, कैलारस, सबलगढ़ और पहाडगढ़ में मूंग की खरीदी की जायेगी। जिसमें अम्बाह में विपणन सहकारी समिति द्वारा उपार्जन स्थल चौधरी वेयरहाउस अम्बाह में आरईओ सुल्तान सिंह तोमर के मार्गदर्शन में मूंग खरीदी जायेगी। पोरसा विकासखण्ड के लिये विपणन सहकारी समिति में बाबा वेयरहाउस पोरसा में मूंग की खरीदी की जायेगी। इसके लिये आरईओ केएस सेनी को नियुक्त किया है। मुरैना विकासखण्ड के लिये प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मृगपुरा द्वारा सेन्ट्रल वेयरहाउस क्रमांक-1 मुरैना में खरीदी जायेगी। मूंग की खरीदी आरईओ रामकुमार शर्मा के मार्गदर्शन में की जायेगी। इसी प्रकार कैलारस, जौरा, पहाडगढ़ एवं सबलगढ़ के लिये प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति केलारस द्वारा बीएल वेयरहाउस कैलारस में खरीदी की जायेगी। मूंग की खरीदी आरईओ मोहन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में होगी।

जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर अनेकों कार्यक्रम आयोजित

मुरैना। भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती अवसर पर मंगलवार को भाजपा ने जिले भर में कार्यक्रम आयोजित किए। इसी कडी में मुरैना शहर के पूर्व, पश्चिम और दक्षिण मण्डल द्वारा शहर के अम्बेडकर पार्क, दीनदयाल पार्क और चंबल कॉलोनी पार्क में पौधा रोपण के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता ने जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं पौधरोपण किया।

श्री गुप्ता ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों के बारे में भाजपा कार्यकर्ताओं को बताते हुए कहा कि मुखर्जी के विचार आज भी लोगों को ताकत देते हैं। उनके उच्च आदर्श लाखों लोगों को आज भी प्रेरित करते रहते हैं। डॉक्टर मुखर्जी ने भारत की एकता और प्रगति के लिए अपना जीवन खपा दिया। उन्होंने एक असाधारण विद्वान के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। श्री गुप्ता ने आगे कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान देश एवं पार्टी कभी नहीं भूलेगी, उन्होंने कश्मीर के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने की नींव डाली आज कश्मीर से धारा 370 का हटना एवं देश का अभिन्न अंग बनाने में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अहम भुमिका रही है।

विदित हो कि 6 जुलाई 1901 में कलकत्ता में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ था। वे बैरिस्टर और शिक्षाविद थे। उन्होंने पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में उद्योग और आपूर्ति मंत्री के रूप में कार्य किया। हालांकि नेहरू-लियाकत समझौते के विरोध में उन्होंने नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मदद से उन्होंने 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की। जयंती कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री कमलेश कुशवाह, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेमकान्त शर्मा, जिला मंत्री कौशलेंद्र अवस्थी, पार्वती राठौर, मण्डल अध्यक्ष धीरज सोनू शर्मा, नितिन गुप्ता, अनूप जैन मण्डल महामंत्री दिनेश सिंघल, दिनेश शर्मा, दिलीप पिप्पल, पवन भारद्वाज, पवन जाटव, रामवीर कंषाना, अरविंद भदौरिया, नरेंद्र सिकरवार, संजय शर्मा, दिवाकर पाठक, दिलीप डण्डौतिया, अरुण परमार, मीना गुर्जर, केडी डण्डौतिया, दुष्यंत सेंगर, प्रहलाद तोमर, संदीप सेंगर, कपिल राजौरिया, राघवेंद्र उपाध्याय सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुखर्जी के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने किया वृक्षारोपण

मुरैना। भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल मुरैना द्वारा मंगलवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर वृक्षारोपण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुखर्जी के चित्र पुष्प अर्पित कर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्रजकिशोर डण्डोतिया ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने युवा शक्ति में राष्ट्रवाद के बीज अंकुरण के साथ ही राष्ट्रोत्थान के लिए अथक संघर्ष किया। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल मुरैना के अध्यक्ष रामलखन छावई ने कहा कि एक राष्ट्र एक निशान एक विधान के प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के लिए देशहित से ऊपर कुछ नहीं था। डॉ.मुखर्जी ने अपनी दूरदर्शी सोच से देश में शिक्षा, स्वास्थ्य व औद्योगिक विकास की मजबूत नींव रखने और सामरिक दृष्टि से भारत को सशक्त

राजस्व निरीक्षक अशोक शर्मा सहित नगर पालिका के 6 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त, एसडीम समाधिया ने किया सम्मान

अम्बाह- नगर पालिका परिषद अम्बाह में वर्षो तक सेवा देने के उपरांत आज एक साथ छह कर्मचारी रिटायरमेंट हुए तो आम जनता एवं नगर पालिका कर्मियों ने उनका सम्मान किया। इस दौरान संपूर्ण माहौल भावपूर्ण हो गया। इस आयोजन में एसडीएम राजीव समाधिया, तहसीलदार विकास भदौरिया ,मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामनिवास शर्मा , पटवारी शिवमोहन सिंह तोमर सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे । समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामनिवास शर्मा ने कहा कि एक साथ छह कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने से नगर पालिका की व्यवस्था प्रभावित होगी। लेकिन सेवानिवृत्त होना नौकरी के दौरान एक सामान्य प्रक्रिया है। जो कर्मचारी आज सेवानिवृत्त हुए है उनमें राजस्व उपनिरीक्षक अशोक शर्मा सहित सभी ने अपने कार्य के साथ साथ शहर के विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य किया है।जिसके चलते उनके कार्यकाल को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।शहर का कोई भी व्यक्ति इनके पास अपनी शिकायत या समस्या लेकर आता था तो इनके द्वारा शिकायत का तुरंत समाधान करवाने के लिए उचित प्रयास किए जाते थे। इस दौरान एसडीएम राजीव समाधिया ने अशोक शर्मा, राम जीवन सिंह तोमर, विनोद शर्मा, कमलेश तोमर, हरिशंकर सखवार, दाताराम माहौर के सेवानिवृत्त होने पर उनका अपने हाथों से माल्यार्पण कर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि रिटायरमेंट होने के बाद जीवन की दूसरी पारी की शुरुआत होती है ।इस पारी में हमें अपने जीवन को सेवा कार्यों के प्रति समर्पित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि जिस तरह नगर पालिका में नौकरी करते हुए आप सब ने जनता की सेवा की थी उसी तरह आगे भी आप यह सेवा कार्य जारी रखेंगे ।पूर्व सीएमओ अशोक शर्मा ने कहा कि वह भले ही सेवानिवृत्त हो गए है किंतु जनता के हित के लिए

वैक्सीन लगवाने का संदेश घर-घर पहुंचायें

पौधरोपण के लिये बड़े पैमाने पर पंजीयन करें

चंबल कमिश्नर ने वर्चुअल मीट में दिये अधिकारियों को निर्देश

मुरैना। ग्वालियर-चंबल संभाग के कमिश्नर आशीष सक्सेना ने जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से कहा है कि शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कार्य में तेजी लायें। वैक्सीन लगवाने संबंधी पेम्पलेट मैदानी अमले के हाथों घर-घर भिजवायें ताकि वैक्सीन लगवाने का संदेश घर-घर पहुंचे सके। कमिश्नर श्री सक्सेना सोमवार को गूगल वर्चुअल मीट के माध्यम से कोविड वैक्सीनेशन के लिये बनाये गये नोडल अधिकारियों, जिला पंचायत के सीईओं को संबोधित कर रहे थे। कमिश्नर ने सभी सीईओ को निर्देश दिये कि वे अपने स्तर से डेढ़-डेढ़ लाख पैम्पलेट का प्रकाशन कराके घर-घर वैक्सीन लगवाने की अपील का संदेश भेंजे। उन्होंने कहा कि हर ग्राम पंचायत गांव, मजरा टोला में शतप्रतिशत वैक्सीन होना है। कोई भी व्यक्ति वैक्सीनेशन से वंचित नहीं रहना चाहिये। हर सप्ताह क्राइसिस मैनेजमेन्ट कमेटी बैठक का आयोजन हो। हाईरिस्क वालों की सूची तैयार की जाये। ग्रामीण क्षेत्रों में वैक्सीन लगवाने के लिये कैम्प आयोजित किये जायें।

कमिश्नर श्री सक्सेना ने वृहद वृक्षारोपण के लिये सौंपे गये लक्ष्यों की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन और ऑक्सीजन के लिये पेड़ लगाना अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के लिये दिये गये लक्ष्यों की पूर्ति 8 अगस्त तक हो जाये, 8 अगस्त को फोटो अपलोड करके भेजे जायें। उन्होंने कहा कि इस बार वृक्षारोपण को अंकुर अभियान का नाम दिया है। सभी अधिकारियों को 6-6 फुट के हेल्थी पौधे 4-4 के गड्डे में लगवाना है। गड्डों को खोदने का कार्य पूर्व से कर लिया जाये। उन्होंने कहा कि शतप्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति के लिये बड़े-बड़े विभाग जैसे महिला बाल विकास, शिक्षा, हेल्थ, पीएचई, पंचायत सहित अन्य विभागों के 10-10 कर्मचारियों का चयन पंजीयन कराने के लिये करें। उन्होंने सलाह दी कि संपन्न लोगों से स्वयं पौधे लगवाने की व्यवस्था की जाये। ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल, कॉलेज खेतों की मेढ़ो, सड़कों के किनारे सहित खुली जमीन पर पौधे लगाये जायें।

वोट की फसल

जिला पंचायत चुनाव को उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा था। जिसमें सदस्य संख्या में पिछड़ने के बाद जिलों पर भाजपा का दबदबा बन गया। इस लिहाज से यह नहीं कहा जा सकता कि जीता कौन। क्योंकि सपा और भाजपा दोनों ने ही दमदारी से खेल दिखाया है। अब अगले साल फाइनल कौन जीतेगा, यह पता चलने में समय है, लेकिन टीम तैयार करने की कवायद अभी से शुरू हो गई है। भाजपा की तैयारी पूरी है। अगर कुछ बड़ा नहीं हुआ तो पार्टी योगी आदित्यनाथ के चेहरे पर चुनाव में जाएगी। वहीं विपक्षी खेमा अपनी टीम को धार देने में जुटा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह से मुलाकात कर चुके हैं। असदुद्दीन ओवैसी के साथ ओमप्रकाश राजभर की लगातार बैठकें हो रही हैं। पश्चिम बंगाल में ममता की पार्टी टीएमसी (तृणमूल कांग्रेस) उत्तर प्रदेश में अपने संगठन को मजबूत कर रही है। इसके साथ ही निषाद पार्टी समेत बिहार में अति पिछड़ों की विकासशील इंसान पार्टी भी उत्तर प्रदेश में इस समुदाय की राजनीति करने वालों के लिए थोड़ी असहजता पैदा कर रही है। कुल मिलाकर राज्य में इस तरह की राजनीतिक उठापटक इस बात का संकेत है कि आने वाले विधानसभा के चुनाव बहुत दिलचस्प होने वाले हैं। यूपी में भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए आस-पास के राज्यों की पार्टियों ने अपनी जड़ों को जमाने के लिए पूरी ताकत लगानी शुरू कर दी है। कुल मिलाकर कोशिश यही है कि इस बार कैसे भी कर के भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से हटाया जाए। इसके लिए कई दलों ने एक साथ मिलकर गठबंधन की घोषणा भी कर दी है। उत्तर प्रदेश की प्रमुख विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं की जो मुलाकातें हो रही हैं उससे यहां नए गठबंधन के रास्ते खुलने की संभावनाएं नजर आ रही हैं। दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात नहीं थी इसलिए कयास लगाए जा रहे हैं कि मामला गठबंधन की राह पर चल निकला है। हालांकि आप सांसद संजय सिंह ने इस मुलाकात को महज आपसी सौहार्द की मुलाकात तक रखने की बात की है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसके अलग मायने निकाले जाने लगे हैं। कहा जा रहा है कि जिस तरह सपा और आप, ममता बनर्जी की टीएमसी के साथ खड़े होते हैं उससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि टीएमसी भी इस गठबंधन में शामिल हो सकती है। विश्लेषकों के मुताबिक तीनों का गठबंधन यूपी की मुस्लिम बाहुल्य आबादी को बहुत बेहतर तरीके से साथ जोड़ने की ताकत रखता है। छोटे-छोटे राजनीतिक दलों के आपस में गठबंधन के साथ प्रदेश की बड़ी राजनीतिक पार्टियां पूरी तरह अकेले ही चुनाव लड़ने के मूड में हैं। कांग्रेस ने जिस तरीके से राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी को मैदान में उतारा है उससे इस बात का अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह आक्रामक रूप से ही चुनावी तैयारियों में जुटी हुई है। चूंकि कुछ अहम दलों की राजनीतिक बिसात बिछ चुकी है लेकिन उसमें कांग्रेस की कोई संभावना नहीं दिख रही। बसपा ने एलान कर दिया है कि वह कोई गठबंधन नहीं करेगी तो, कांग्रेस उससे भी नहीं जुड़ सकती। सपा और कांग्रेस का पिछला अनुभव कुछ अच्छा नहीं रहा इसलिए इसकी संभावना भी न के बराबर ही है।

इक्कीस साल के उत्तराखंड में ग्यारवें मुख्यमंत्री!

डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

उत्तराखंड बने अभी इक्कीस साल भी पूरे नही हुए है लेकिन उत्तराखंड में ग्यारहवां मुख्यमंत्री शपथ लेगा।यानि हर दो साल में एक मुख्यमंत्री।यह कैसा लोकतंत्र है और कैसी संवैधानिक व्यवस्था ,जो शतरंज के खेल की तरह राजा,वजीर,प्यादे बदले जा रहे है।आबादी के लिहाज से मात्र एक करोड़ जनसंख्या के छोटे से राज्य उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पद रेवड़ी की तरह बट रहा है और कुकरमुत्तों की तरह पूर्व मुख्यमंत्रियों की फ़ौज बढ़ रही है जो इस आर्थिक रूप से कमजोर छोटे से राज्य पर अतिरिक्त बढ़ता भार ही कहा जाएगा।डबल इंजन की सरकार देने का वायदा करने वाली भाजपा ऐसी सरकारे दे रही है जिसका एक भी इंजन ढंग से काम नही कर पाता है।कुछ इंजन तो स्टार्ट होने से पहले ही हवा लेने लगते है।इस चुनावी साल में उत्तराखंड के अंदर तीसरा मुख्यमंत्री बदला जा रहा है।इन साढ़े चार सालों में एक मुख्यमंत्री चार साल पूरे न कर सका तो दूसरा चार माह में ही अयोग्य करार दे दिया गया। अब तीसरा आने वाला है,वह इन बचे आठ महीनों में क्या कर पाएगा भगवान ही जाने ।उत्तराखंड ही नही देशभर में संविधान कुछ भी कहता रहे लेकिन मुख्यमंत्री की कुर्सी पर वही बैठता है जिसे सत्तारुढ़ पार्टी का हाईकमान चुनता है। फिर भले ही वह विधायक भी न हो।अब देखिए न ,तीरथ सिंह रावत अच्छे खासे सांसद थे,वहां से बुलाकर उन्हें विधायको पर बतौर मुख्यमंत्री थोप दिया।अब जब विधायक नही बन पा रहे है तो संविधान संकट का हवाला देकर त्याग पत्र दे दिया।लेकिन इस भोले भाले राज्य के हितों के साथ ही मनमानी के नाम पर जो खिलवाड़ हुआ उसका खामियाजा कौन भुगतेगा।वरिष्ठ पत्रकार दिनेश जुयाल के शब्दों में,÷ 21 साल में हुए 10 मुख्यमंत्रियों को दिल्ली ने ही तय किया। इनमें कुछ तो निवर्तमान मुख्यमंत्री तीरथ सिंह की तरह विधायक भी नहीं थे।

इस बार दिल्ली ने रिजल्ट पहले से लिख कर रखा था। तीन दिन लगे तीरथ के फाइनल इंटरव्यू और उन्हें रिजल्ट समझाने में। दिल्ली से लौटते ही तीरथ का पहले राजभवन जाने का कार्यक्रम था। अचानक कुछ हुआ। राजभवन का कार्यक्रम टाल कर साढ़े नौ बजे प्रेस बुला कर उन्होंने अपनी उपलब्धियां गिनाई। लगा खेल बदल गया। फिर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन कौशिक सक्रिय हुए। बोले इस्तीफा आज ही होगा। मदन कुछ मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री को राजभवन ले गए। रात सवा 11 बजे इस्तीफा देने के बाद मुख्यमंत्री ने उप चुनाव न हो पाने की स्थिति में संवैधानिक संकट का हवाला देते हुए इस्तीफे की मजबूरी समझाई। केंद्रीय नेताओं का शुक्रिया कर उन्होंने वक्तव्य खत्म किया। अब शनिवार को नए नेता के चयन की औपचारिकता पार्टी पर्यवेक्षक नरेंद्र तोमर की उपस्थिति में होगी। प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने इतना जरूर कहा कि इस बार नेता विधायकों में से ही होगा। अजब नाटकीय घटनाक्रम था पहले राजभवन की सुरक्षा भी हट गई थी लेकिन फिर नए सिरे से मुलाकात की व्यवस्था की गई। ऐसा लगा जैसे तीरथ सिंह कठपुतली बन गए हों।



तो इस तरह उत्तराखंड में मुख्यमंत्री की कुर्सी ने फिर करेंट मारा। तीरथ सिंह उठ खड़े हुए हैं और अब 11 वीं बार शपथ ग्रहण की तैयारी है। 21 साल में वह 10 वाँ शौभाग्यशाली कौन होगा इसकी अटकलें जारी हैं। (भुवन चंद्र खंडूड़ी को एक सत्र में दो बार शपथ दिलाई गई थी।) नए मुख्यमंत्री के रूप में सतपाल महाराज का नाम सबसे आगे है। महाराज दिल्ली में जमे हैं। नाम विशन सिंह चुफाल का भी चल पड़ा है। त्रिवेंद्र खुद तो सक्रिय हैं ही उनका गुट एक बार फिर धन सिंह का भी नाम ले रहा है। इधर राजनीतिक विश्लेषक भाजपा के नए सरप्राइज एलिमेंट की तलाश में खुर्दबीन घुमा रहे हैं। इधर उधर गए विधायक देहरादून पहुंच रहे हैं। अलग अलग गुटों की मंत्रणाएँ जारी हैं।

लगता तो यही है कि रामनगर के चिंतन शिविर में ही सब तय हो गया था। अनुष्ठान पूरा करने के लिए तीरथ से दिल्ली परिक्रमा कराई गई। तीन दिन से केंद्रीय नेताओं से मिल रहे मुख्यमंत्री तीरथ रावत से उपचुनाव कराने के लिए केंद्रीय निर्वाचन आयोग में भी अर्जी डलवाई गई। शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के बाद वह बाहर निकले तो उनकी मुख मुद्रा देख पत्रकारों ने भी यही अंदाजा लगाया कि मुख्यमंत्री के रूप में पारी समाप्ति की घोषणा होने वाली है। देहरादून पहुंचते ही उन्होंने राज्यपाल से मिलने का समय मांगा और इधर खबर तैरने लगी कि वह पार्टी अध्यक्ष को इस्तीफा सौंप आये हैं।

सन 2022 के चुनाव में पार्टी की जीत की संभावनाएं तलाशने के लिए दिग्गजों ने रामनगर में जो मथा उसके नवनीत पर लिखा था तीरथ जिताऊ मुख्यमंत्री नहीं लगते। मुख्यमंत्री को उपचुनाव में उतारने के बारे में पक्ष विपक्ष संवैधानिक व्यवस्थाओं पर बहस में उलझा था और पार्टी के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम अपनी रिपोर्ट अपने ढंग से लिख रहे थे। बैठक की रिपोर्ट दिल्ली पहुंची और मुख्यमंत्री दिल्ली तलब कर लिए गए। शीर्षस्थ नेताओं में मंत्रणा के बहाने उनके जो इंटरव्यू लिए वह भी औपचारिक ही थे। उसका नतीजा तीन दिन बाद तीरथ सिंह रावत को पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सुना दिया। एक बात तो है कि भाजपा और संघ कुछ भी तय करने से पहले खूब मंत्रणाएँ करते हैं। कई बार तो इंटरव्यू देने वाले के लिए ये मंत्रणा घनघोर यंत्रणा बन जाती है। जैसे कि इस बार तीरथ सिंह के साथ हुआ। आस्था, समर्पण , आज्ञाकारिता आदि में पूरे नंबर होने के बावजूद तीरथ खुद को सक्षम मुख्यमंत्री साबित नहीं कर पाए। आते ही पूर्वमुख्यमंत्री के कई फैसले पलटने की घोषणाएं तो की लेकिन कुछ भी नहीं पलट पाए। अफसरशाही को हिलाने डुलाने की रस्म भी ऐसी कि कुछ नहीं हिला। कुछ अजीब से अटपटे से बयान। अब जिसकी भी आज्ञा रही हो लेकिन कहा तो यही जाएगा कि तीरथ ने ही कुम्भ को कोरोना कुम्भ बनाया और अब कोविड जांच घोटाले में वही घिरे हैं, भले ही ठेके किसी ने छोड़े हों। ऐसा भी पहली बार हुआ है कि मुख्यमंत्री दिल्ली के प्रतिनिधि बनकर काम करते रहे भले ही कुछ हुआ न हो और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अपनी पार्टी की सरकार के बावजूद सरकार के प्रवक्ता के ही बार बार निशाने पर रहे हो।हरिद्वार से विधायक मदन कौशिक को कैबिनेट मंत्री और सरकार के प्रवक्ता पद से हटाकर संगठन में प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर भी उनका प्रमोशन के बजाए डिमोशन ही माना गया।तभी तो उनके हर फैसले या बयान का प्रतिवाद सरकार के एक मंत्री व प्रवक्ता करते रहे। वरिष्ठ पत्रकार दिनेश जुयाल की माने तो

सल्ट उपचुनाव में तीरथ सिंह रावत के लिए एक गुंजाइश थी लेकिन लगता है पार्टी उन पर भरोसा नहीं कर पाई थी और उन्हें कुछ और परीक्षाओं से गुजारना चाहती थी। उसके बाद गंगोत्री और हाल में इंदिरा हृदयेश की हल्द्वानी सीट खाली हो गई है।लेकिन यह भी सच है कि हल्द्वानी में भाजपा को जीत की कोई उम्मीद नहीं है और गंगोत्री सीट के बारे में भी भाजपा के कुछ प्रभावी लोग हाईकमान को यह समझाने में कामयाब रहै कि तीरथ चुनाव वैतरणी पार नहीं कर पाएंगे।क्योंकि उत्तराखंड में अभी तक जो भी उपचुनाव हुए उनमे सत्तारूढ़ दल को हराने की भरपूर कोशिश की गई।वही मुख्यमंत्रियों को हराने का इतिहास भी कोई नया नही है।वैसे भी मौजूदा समय राज्य के अंदर भाजपा के पक्ष का दिखाई नही देता। शायद इसी कारण निवर्तमान मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत उपचुनाव का सामना नही कर सके है।पहले त्रिवेंद्र सिंह रावत की विदाई और अब तीरथ सिंह रावत का सत्ताच्युत कर दिया जाना ,कोई सामान्य बात नही है।भाजपा को इसका जवाब जनता के सामने देना ही होगा।यह भी बताना होगा कि किन किन कारणों से उन्हें हटाया गया हैं।बहरहाल त्रिवेंद्र सिंह रावत के बाद तीरथ सिंह रावत आए और उनके बाद अब सतपाल महाराज (सतपाल सिंह रावत) या फिर धन सिंह रावत की लॉटरी निकल सकती है।

इसका निर्णय भी भाजपा हाईकमान पहले ही कर चुका है लेकिन विधायक दल की बैठक में ओपचारिक घोषणा करना पार्टी की मजबूरी है।यानि यह तो लगभग साफ हो गया है कि अभी भी मुख्यमंत्री कोई रावत ही बनेगा ,अब चाहे सतपाल महाराज बने या फिर धन सिंह रावत।सतपाल महाराज की पकड़ सभी दावेदारों से ज्यादा है ।लेकिन अभी तक वे केवल इसी कारण मुख्यमंत्री की कुर्सी से दूर किये जाते रहे क्योंकि वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए थे,यानि मूल रूप से भाजपाई नही है। त्रिवेंद्र सिंह रावत के हटने के बाद सतपाल महाराज ने अपनी क्षमता भी सिद्ध की है। उन्होंने संगठन को भी जोड़ा। एकाधिक मौकों पर मुख्यमंत्री की मौजूदगी में अपनी उपस्थिति का अहसास भी कराया। भाजपा की कमान हरिद्वार विधायक मदन कौशिक के हाथों में आ जाने से मौजूदा समीकरण में संतुलन के नाम पर सतपाल महाराज भारी पड़ रहे है।वैसे कुमाऊं से विशन सिंह चुफाल का नाम भी सामने आ रहा है।

आज की स्वार्थ परक राजनीति - चुनाव व प्रचार हेतु भरपूर पैसा.... मुआवजे के लिए नहीं....!

ओमप्रकाश मेहता

आजकल हमारे भारत देश के साथ ÷एक÷ लगाने का राजनीतिक फैशन हो गई है, जैसे ÷एक देश-एक चुनाव÷, ÷एक देश-एक रॉशन कार्ड÷, ÷एक देश-एक कानून÷ आदि आदि। किंतु यह संदेश सिर्फ राजनीतिक नारे तक ही सीमित है, क्योंकि कोई राजनीतिक दल या उसका नेता यह कतई नहीं चाहता कि ऐसा कुछ इस देश में हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी ने आज से सात साल पहले प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद संसद में अपने पहले भाषण में ÷एक देश-एक चुनाव÷ का नारा दिया था, जिसे स्पष्ट करते हुए कहा गया था कि देश में हर साल कुछ ही महीनों के अंतराल से होने वाले संसद व विधान सभाओं के मुख्य व उपचुनावों के कारण देश का काफी समय व पैसा खर्च होता है, इसलिए ऐसी व्यवस्था हो कि संविधान संशोधन के माध्यम से यह व्यवस्था कर दी जाए कि देश की संसद तथा सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ एक ही समय पर करवाए जाएं, जिससे कि सरकार के पैसे और समय के साथ राजनीतिक दलों की ऊर्जा की बचत हो सके। प्रधानमंत्री जी का विचार अच्छा था, सबकों पसंद भी आया, सबने सहमति भी दी, किंतु उस घोषणा को पिछले सात साल के मोदी प्रशासन में तो मूर्तरूप नहीं मिल पाया, इस विचार के पीछे सबसे बड़ी आपत्ती तो सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की ही थी, जिसकी राजनीति का मूल आधार मोदी है, यदि पूरे देश में एक साथ संसद व विधानसभाओं के चुनाव करवाये गए तो मोदी जी कहां-कहां जाकर पार्टी की जीत तय करवा पाएगें? इसलिए प्रधानमंत्री जी को स्वयं अपनी घोषणा से पीछे हटना पड़ा और संवैधानिक बहानेबाजी करनी पड़ी, अब इस ÷एक देश-एक चुनाव÷ के नारे की जगह ÷एक देश-एक रॉशन कार्ड÷ का नारा आ गया है, इस नारे के लिए भी यह नहीं सोचा गया कि आखिर इस देश में रॉशन कार्ड से रॉशन प्राप्त करने वाले है ही कितने लोग? फिर भी आज की राजनीति के लिए ऐसे कुछ नारे तो चाहिए ही?



इन दिनों सर्वाधिक चर्चा कोरोना महामारी से देश में मृत करीब चार लाख मृतकों के परिवारों को मुआवजा देने की है, मोदी सरकार ने तो आर्थिक संकट व कानून नहीं होने का बहाना बना कर पहले ही मुआवजे से इंकार कर दिया। मामला जब सर्वोच्च न्यायालय में पहुंचा तो वहां भी सरकार ने प्राकृतिक विपदा के तहत दी जाने वाली आर्थिक सहायता के कानून से महामारी को बाहर रख सुप्रीम कोर्ट को कह दिया कि महामारी से मृतकों को मुआवजा नहीं दिया जा सकता, सरकार के पास न तो इतना पैसा है और न वह कानूनन यह मुआवजा दे ही सकती है। किंतु सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार की किसी भी दलील को स्वीकार नहीं किया तथा स्पष्ट निर्देश दे दिये कि कोरोना से मृत करीब चार लाख परिवारों को मुआवजा दिया जाए, मुआवजे के बतौर कितनी राशि दी जाए? यह फैसला सरकार पर छोड़ दिया गया तथा आगामी छ्र सप्ताह में फैसला करने का निर्देश दिया गया। इस फैसले से सरकार सकते में आ गई और फिलहाल वह फैसले पर कोई भी प्रतिक्रिया व्यक्त करने या जवाब देने की स्थिति में नहीं है। वह इसलिए क्योंकि यदि याचिका के अनुरूप चार लाख रूपए प्रति मृतक परिवार मुआवजा तय किया जाता है तो सरकार को इस हेतु करीब सोलह सौ अरब रूपए चाहिए और इससे कम यदि एक या दो लाख रूपया मुआवजा तय किया जाता है तो इसमें सरकार की बदनामी की संभावना बढ़ जाती है।

2022 के उत्तर प्रदेश चुनाव में वोटो के खातिर बनते बिगड़ते समीकरण, सबकी नजर ओवैसी पर

अशोक भाटिया

एनडीए को छोड़ कर हमारे देश का तकरीबन हर राजनितिक दल असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की आप पार्टी की तरह ही भाजपा की बी टीम होने के आरोप लगाते रहे हैं। दरअसल, एआईएमआईएम पर लगने वाले इस आरोप पर काफी हद तक वो खुद ही मुहर लगाते रहते हैं।दरअसल, अविभाजित आंध्र प्रदेश में हैदराबाद की लोकसभा सीट तक सीमित एआईएमआईएम अलग तेलंगाना राज्य बनने पर यहां की सात विधानसभा सीटों पर लगातार तीन बार से जीत हासिल करती चली आ रही है. 2014 के बाद मुस्लिम समुदाय की राजनीति करने वाले इस दल की राजनीतिक महत्वाकांक्षा बढ़ी और इसने अन्य राज्यों में अपने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं. महाराष्ट्र और बिहार में पार्टी ने मुस्लिम मतदाताओं के प्रभाव वाली सीटों पर जीत दर्ज की।ओवैसी ने जिन राज्यों में चुनाव लड़ा, वहां उनकी पसंद मुस्लिम बहुल सीटें रहीं। जिसकी वजह से मुस्लिम समुदाय को वोटबैंक मानने वाली राजनीतिक पार्टियों का खेल खराब होने लगा । जिसकी वजह से उन पर बी टीम के आरोप लगते रहे । उत्तर प्रदेश में पैर जमाने की कोशिशों में जुटी एआईएमआईएम का विजन पहले से ही साफ हो चुका है । वहीं, संवैधानिक अधिकारों के जरिये शरीयत की वकालत करने वाले असदुद्दीन ओवैसी देशभर में मुस्लिम युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हैं ।मुस्लिमों के अधिकारों पर ओवैसी के भाषण सोशल मीडिया पर धड़ाधड़ शेयर होते हैं ।तेलंगाना से बाहर एआईएमआईएम ने जिन भी राज्यों में चुनाव लड़ने का मन बनाया, वहां उसे कुछ न कुछ मिला ही है । पश्चिम बंगाल में जीत भले न मिली हो, लेकिन मीडिया के जरिये देश भर में पार्टी का प्रचार तो हुआ ही ।

बिहार विधानसभा चुनाव में 5 सीटें जीतने के बाद एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने पश्चिम बंगाल का रुख किया था ।वो बात अलग है कि बंगाल को समझने में ओवैसी मात खा गए। वैसे, मात खाने वालों में ओवैसी अकेले नहीं थे. उनके साथ कांग्रेस, वामदल, अब्बास सिद्दीकी की आईएसएफ और भाजपा भी शामिल थे । पश्चिम बंगाल में हार एआईएमआईएम के लिए उतना बड़ा झटका नहीं थी, जितना भाजपा को मिला । पश्चिम बंगाल में तमाम दलबदलुओं और पूरे लाव-लश्कर के बावजूद भाजपा कोई कमाल नहीं दिखा पाई । वहीं, असदुद्दीन ओवैसी का अब्बास सिद्दीकी की आईएसएफ के साथ गठबंधन ही नहीं जम पाया ।वैसे, बिहार की 5 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल करने वाले ओवैसी ने राज्य में बसपा से हाथ मिलाया था । ओवैसी के साथ गठबंधन से बसपा को कोई खास फायदा नहीं हुआ । लेकिन, एआईमआईएम ने कमाल कर दिया था । यूपी में भी बसपा के साथ गठबंधन की खोज में निकले असदुद्दीन ओवैसी को पार्टी सुप्रीमो मायावती ने ही अफवाह बना डाला। लेकिन, गठबंधन की ताकत को जानने वाले ओवैसी ने ओमप्रकाश राजभर के मोर्चा में भागीदारी का संकल्प ले लिया । भागीदारी संकल्प मोर्चा में जगह मिलने का बड़ा कारण मोर्चा में किसी मुस्लिम नेता का न होना भी बताया जा रहा है ।

जीवन और मृत्यु

चीन में लाओत्से के समय में ऐसी प्रचलित धारण थी कि आदमी के शरीर में नौ छेद होते हैं। उन्हीं नौ छेदों से जीवन प्रवेश करता है और उन्हीं से बाहर निकलता है। दो आंखें, दो नाक के छेद, मुंह, दो कान, जननेंद्रिय, गुदा। इसके साथ चार अंग हैं- दो हाथ और दो पैर। सब मिला कर तेरह। यही तेरह अंग जीवन के साथी हैं और मृत्यु के भी साथी हैं। यही तेरह जीवन में लाते हैं और यही जीवन से बाहर ले जाते हैं। तेरह का मतलब यह पूरा शरीर। इन्हीं से तुम भोजन करते हो; इन्हीं से जीवन पाते हो; इन्हीं से उठते-बैठते और चलते हो। यही तुम्हारे स्वास्थ्य का आधार हैं और यही मृत्यु का भी आधार होंगे। क्योंकि जीवन और मृत्यु एक ही चीज के दो नाम हैं। इन्हीं से जीवन तुम्हारे नाम आएगा, इन्हीं से बाहर जाएगा। इन्हीं से शरीर के भीतर खड़े हो। इन्हीं के साथ शरीर टूटेगा, इनके द्वारा ही टूटेगा। हैरानी की बात है। यही तुम्हें संभालते हैं और यही मिटाएंगें। भोजन तुम्हें जीवन देता है, शक्ति देता है और भोजन की शक्ति से अपने भीतर की मृत्यु को बड़ा किये चले जाते हो। भोजन तुम्हें बुढ़ापे तक पहुंचा देगा, मृत्यु तक पहुंचा देगा। आंख, नाक, कान से जीवन की श्वास भीतर आती है। उन्हीं से बाहर जाती है। नौ द्वार और चार अंग। लाओत्से कहता है- तेरह ही जीवन के साथी, तेरह ही मौत के साथी। ये तेरह ही ले जाते हैं। अगर तुम सजग हो जाओ तो तुम चौदहवें हो। इन तेरह के पार हो। इस तेरह की संख्या के कारण चीन और फिर धीरे-धीरे सारी दुनिया में, तेरह का आंकड़ा अपशकुन हो गया। इस सुपरस्टीशन की पैदाइश चीन में हुई। अमेरिका में होटलों में तेरह नंबर का कमरा नहीं होता; तेरह नंबर की मंजिल भी नहीं होती। क्योंकि कोई तेरह नंबर पर ठहरने को राजी नहीं है। तेरह शब्द से ही घबराहट होती है। बारह नंबर के कमरे के बाद चौदह नंबर आता है। असल में होता तो वह तेरहवां ही है, लेकिन जो ठहरता है, उसे चौदह याद रहता है। तेरह की चिंता नही पकड़ती। चीन में बड़े अर्थपूर्ण कारण से यह विश्वास फैला। तेरह अपशकुन है। तुम चौदहवें हो और तुम्हें चौदहवें का कोई पता भी नहीं। तुम न जीवन हो, न मौत। तुम दोनो के पार हो। अगर इन तेरह के प्रति सजग हो जाओगे, पृथक हूं, मै अन्य हूं। शरीर और, मैं और।

गुग्गुल के फायदे

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

गुग्गुल का वृक्ष छोटा 4 से 12 फीट तक ऊंचा होता है। इस वृक्ष की शाखा प्रशाखाओं से क्षत करने पर एक प्रकार का रस निकलता है, जो सर्दी के दिनों में गाढ़ा हो जाता है। यही गोंद सा रस गुग्गुल है। गुग्गुल की बनावटें÷ त्रिफला गुग्गुल, कांचनार गुग्गुल, महा योगराज गुग्गुल, गोक्षुरादि गुग्गुल, पंचतिक्त धृत गुग्गुल, अमृतादि गुग्गुल, आभा गुग्गुल, लाक्षादि गुग्गुल, त्रयोदशांग गुग्गुल, पंचामृत लोह गुग्गुल, मेदोहर गुग्गुल, चित्रकादि गुग्गुल, पथ्यादि गुग्गुल, पुनर्नवादि गुग्गुल, रास्नादि गुग्गुल, कैशोर गुग्गुल, योगराज गुग्गुल और सिंहनाद गुग्गुल।

गुग्गुल पौष्टिक, उष्णवीर्य, रसायन, सारक , अत्यंत लघु (लघु पदार्थ पथ्य, तुरंत पचन होनेवाला और कफ नाशक होता है), टूटी हड्डियों को जोड़नेवाला, सूक्ष्म (सूक्ष्म स्त्रोतोंगामी), स्वर को हितकारी, अग्निदीपक, योगवाही और बलकारक है। एवं कफ, वात, व्रण, अपची, मेदोरोग , प्रमेह, पथरी, वातरोग, कुष्ठ, आमवात , ग्रंथिरोग, सूजन, बवासीर, गंडमाला तथा कृमिरोग नाशक है। गुग्गुल तीनों दोष और सर्व रोगों का नाशक है। गुग्गुल आक्षेपहर और आर्तव - रजःस्त्रावकारी है। संधिवात, उपदंश जन्य विकार, कंठमाला, नाड़ीमंडल के विकार तथा वातजन्य रोगों में यह बहुत प्रयुक्त किया जाता है, योगराज गुग्गुल नाम का प्रसिद्ध प्रयोग रसायन रूप में वातजन्य रोगों में, गंडमाला, संधिवात आदि में बहुत प्रयुक्त होता है। गुग्गुल उत्तेजक, रोग किटाणु नाशक और कफ नाशक होता है। पुराने कफ रोगों में जिनमें की बहुत अधिक चिकना और दुर्गंधित कफ पड़ता है, इसको पीपर, अड़ूसा, शहद और घी (शहद और घी विषम मात्रा में लें) के साथ देने से अच्छा लाभ होता है। यह प्रौढ़ अवस्था के अशक्त और दुर्बल मनुष्यों के लिये विशेष उपयोगी है। गुग्गुल अग्नि को प्रदीप्त करता है और वात का नाश करता है। इसलिये अग्निमांद्य और कब्जियत संबंधी रोगों में जिनमें कि आमाशय और आंते शिथिल पड़ जाते है, इसको इन्द्रजौ और गुड के साथ देने से अच्छा लाभ होता है। गुग्गुल के अंदर रक्त शोधक गुण भी रहता है और यह सारे शरीर को उत्तेजना और बल प्रदान करता है। इसलिये उपदंश, सुजाक और पुराने आमवात में इसका उपयोग किया जाता है। गंडमाला रोग के लिये यह एक उत्तम औषधि है। गुग्गुल रक्त के अंदर श्वेत कणों को बढ़ाता है जिससे गंडमाला रोग का ज़ोर धीरे-धीरे कम होता जाता है। गुग्गुल को पेट के अंदर देने के बाद यह त्वचा के रास्ते से बाहर निकलता है जिससे त्वचा की विनिमय क्रिया में सुधार होता है। इसलिये यह सब प्रकार के पुराने चर्मरोगों में बहुत लाभ पहुंचाता है। अगर निरोग मनुष्य इसका सेवन करें तो उनकी त्वचा का सौंदर्य बढ़ जाता है। चर्मरोगों में और खून को शुद्ध करने के लिये सुप्रसिद्ध योग कैशोर गुग्गुल का उपयोग किया जाता है। गर्भाशय के उपर भी गुग्गुल की अच्छी क्रिया होती है। यह गर्भाशय का संकोच करता है। तरुण स्त्रियों के रुके हुए मासिक धर्म को यह चालू कर देता है। गर्भाशय के फूल के द्वारा एक प्रकार का चिकना पदार्थ बहता है और वह स्त्री की संतान धारण करने की शक्ति को नष्ट करके बांझ कर देता है। ऐसी स्त्रियों के लिये गुग्गुल बहुत गुणकारी वस्तु है। इस रोग में इसको रसोत (रसोत दारूहल्दी से बनता है) के साथ देना चाहिये। चंद्रप्रभा वटी जिसकी मुख्य औषधि गुग्गुल और शिलाजीत है, इस वटी का भी गर्भाशय के पोषण के लिये उपयोग किया जाता है। वृद्धावस्था में हाथ-पैरों का दर्द, कमर दर्द इत्यादि में भी गुग्गुल का उपयोग उत्तम है। सुप्रसिद्ध योग सिंहनाद गुग्गुल वृद्धों के हाथ-पैर और कमर दर्द में देने के लिये एक उत्तम औषधि है। वृद्ध मनुष्य विलायती दर्द नाशक दवाओ को सहेन नहीं कर सकते, उनके लिये यह सिंहनाद गुग्गुल एक उत्तम औषध है। इसके सेवन से धीरे-धीरे वात से उत्पन्न दर्द नष्ट हो जाता है और शरीर भी सुधरता है। यह हमारा कई सालों का परीक्षित है। पांडु के उपयर भी गुग्गुल का बड़ा चमत्कारिक असर होता है। इसके प्रयोग से रक्त में श्वेत कणों की वृद्धि होती है और ज्यों ज्यों श्वेत कण बढ़ते है। त्यों त्यों रक्त की रोग जन्तु नाशक शक्ति बढ़ती जाती है और रोगी की घी, तेल इत्यादि स्निग्ध पदार्थों को पचाकर खून में मिलन करने की शक्ति बढ़ती जाती है। जिससे पांडुरोग नष्ट होता हुआ चला जाता है। इस रोग में इसको लोह भस्म के साथ देने से विशेष लाभ होता है। गुग्गुल गर्भाशय को उत्तेजित करता है और मासिक धर्म को नियमित कर देता है। इसको बहुत समय तक सेवन करने से भी किसी प्रकार की हानि नहीं होती। कभी कभी इससे गुर्दे में जलन पैदा हो जाती है और शरीर पर कोपेबा की तरह कुछ फुंसियाँ उठ जाती है। लेकिन इसका सेवन बंद करते ही फौरन मिट जाती है।

पुराने अग्निमांद्य रोग में यह अग्निदिपक वस्तु के तौर पर काम में लिया जाता है। यह पेट के यंत्रों के ढीलेपन को और पेशी की दुर्बलता को भी मिटा देता है। पुराना नजला, अतिसार, आंतों की सूजन, आंतों के व्रण (द्यष्द्गह्) और बड़ी आंत के पुरातन प्रदाह में यह बहुत लाभदायक है। फेंफड़ों के क्षय में यह एक उत्तेजक और कृमि नाशक पदार्थ की तरह दिया जाता है। इसके सेवन से बुखार कम होता है, भूख बढ़ती है, कफ के कृमि नष्ट हो जाते है और जीवनी शक्ति को बल मिलता है। कुष्ठ के रोगियों की हालत को भी यह बहुत हद तक सुधारता है और इस व्याधि से पैदा हुए दूसरे विकारों को भी मिटा देता है। मूत्राशय की जलन, सुजाक और पेडू की सूजन में तीव्र लक्षणों के दूर हो जाने पर गुग्गुल को देने से अच्छा लाभ होता है। गर्भाशय की पुरानी सूजन में तथा नष्टर्ताव (मासिक धर्म न आना) में भी यह लाभदायक है।

वैद्यक शस्त्रकारों ने गुग्गुल के अंदर वातहर, शोधक, सारक (हल्का दस्तावर), रोपण (घाव को भरनेवाला), कृमिनाशक और पौष्टिक गुण बतलाये है। वातहर शब्द का अर्थ केवल वायु के दोषों को हरनेवाला ही नहीं होता है।

अनुष्का शेट्टी ने दिया जिंदगी को खुशी से जीने का मंत्र

अनुष्का शेट्टी इन दिनों कू ऐप पर लगातार एक्टिव हैं. वो रोजाना कुछ न कुछ पोस्ट डालकर अपने फैंस को संदेश देती रहती हैं. लोगों को एक दूसरे से कनेक्ट करने की जरूरत के बारे में बता रही हैं ताकि लोगों को ऐसा फील न हो कि वो जिंदगी में अकेले हैं. लोगों से दिल की बातें न करने की वजह से कई बार देखा गया है कि लोग आत्महत्या जैसे बड़े कदम उठा लेते हैं.

अनुष्का वे अपने पोस्ट में उन्होंने खुलकर कनेक्ट करने और आपस में बातें करने की जरूरत पर जोर दिया है. लोगों को मोटिवेट किया है दुनिया में अच्छाई भी है वो हमेशा उस पर ध्यान दिया करें. कैसा भी बुरा वक्त रहा हो लेकिन आपको हमेशा नई शुरूआत के बारे में सोचना चाहिए. बातें करें, हंसें और पूरी तरह खुश रहकर जिंदगी जिएं.

साउथ की सुपरस्टार एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. उन्होंने अपने लाजवाब अभिनय और गजब की अदाओं से लोगों के दिलों पर राज किया है. अनुष्का ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है जिसके दम पर वो इंडस्ट्री की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में से एक बन गई हैं.

अनुष्का को भारत में सबसे ज्यादा फेम मिला एस एस राजामौली और प्रभास की फिल्म 'बाहुबली' से. फिल्म में एक्ट्रेस ने 'देवसेना' का किरदार निभाया था. उनके रोल को काफी पसंद किया गया था. अनुष्का ने 'बाहुबली' फिल्म के पहले भाग में ज्यादा स्क्रीन स्पेस शेयर नहीं किया मगर फिल्म के दूसरे भाग में उनका प्रमुख रोल था.

अनुष्का अपने लुक के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं. उनकी ग्लैमरस और बोल्ड फोटोज काफी वायरल होती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस की एक लेटेस्ट फोटो अपने दोस्तों के साथ खूब कू पर खूब वायरल हो रही है. ये फोटो एक्ट्रेस की लॉकडाउन के दौरान की रीसेंट फोटो है जिसमें वो अपने दोस्तों के के साथ काफी अलग लग रही है और मस्ती के मूड में नज़र आ रही इस फोटो में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. फोटो में उनकी स्माइल भी बहुत प्यारी लग रही है. कू पर कई यूजर्स ने अनुष्का की इस फोटो को पोस्ट किया है.

इस फोटो के साथ उन्होंने लिखा है ज़िन्दगी में किसी भी मोड़ पर हमारे रस्ते चाहे कितने भी लग क्यों न हो जाएँ पर हमारा साथ एक दुसरे के साथ हमेशा अटूट है और रहेगा इस फोटो को अनुष्का ने अपने कू हैंडल से शेयर किया था. इस फ़ोटो के शेयर होने के बाद एक फैन ने उनके सारी तस्वीरों के स्केचेस बनाके उनसे शेयर किये और साथ में कई ऐसे फेन्स है जो उनसे उनकी अगली आने वाली मूवी के बारे में भी पूछ रहे है. कंगना के बाद अनुष्का एक ऐसी बड़ी एक्ट्रेस जिन्हें कू पर काफी पसंद किआ जा रहा है. एक ही हफ्ते में उन्होने 25000 से ज़्यादा फॉलोवर्स जुटा लिए हैं।

9 सितंबर को थिएटर में रिलीज हो सकती है केजीएफ चैप्टर 2

दक्षिण भारतीय फिल्मों के मशहूर अभिनेता यश और संजय दत्त के अभिनय से सजी फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 काफी समय से चर्चा में है। इस फिल्म की रिलीज का इंतजार फैंस काफी बेसब्री से कर रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि यह फिल्म आगामी 9 सितंबर को थिएटर में रिलीज हो सकती है। फिल्म समीक्षक सुमित कडेल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बताया है कि फिल्म इस साल सितंबर में रिलीज होगी। सुमित ने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, यदि कोरोना वायरस की तीसरी लहर देश में नहीं आती है और थिएटर्स खुल जाते हैं, तो यह फिल्म 9 सितंबर, 2021 को थिएटर में रिलीज हो सकती है। कोरोना की दूसरी लहर आने के पहले जनवरी में घोषणा की गई थी कि यह फिल्म इस साल 16 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब इस फिल्म की रिलीज डेट को बदलने के बारे में बातचीत चल रही है।

हालांकि, मेकर्स की तरफ से इस संबंध में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। बुधवार को सोशल मीडिया पर ऐसी चर्चा चली थी कि फिल्म की रिलीज को टाला जा सकता है। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे 100 करोड़ रुपये की बजट में बनाया जा रहा है। इस फिल्म को कन्नड़, हिन्दी, तमिल, तेलुगु और मलयालम में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का निर्देशन प्रशांत नील ने किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म के प्री-प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। फिल्म के लीड कलाकार यश फिल्म के डबिंग के काम को पूरा कर रहे हैं। यश के अलावा फिल्म में मालविका अविनाश, संजय और रवीना टंडन भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में दक्षिण भारतीय फिल्मों की अदाकारा श्रीनिधि शेट्टी भी अभिनय करती नजर आएंगी। जनवरी में रिलीज किए गए फिल्म के टीजर को काफी पसंद किया गया था। यह 2018 में रिलीज हुई फिल्म केजीएफ चैप्टर 1 का सीचल है। इसे कन्नड़ भाषा में बनाया गया था, जबकि यह तमिल, तेलुगु और हिन्दी भाषाओं में डब हुई। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी। यह 250 करोड़ रुपये कमाने वाली पहली कन्नड़ फिल्म थी। संजय ऑरिजनल फिल्म में मुख्य खलनायक की भूमिका निभाने वाले अधीरा के किरदार में नजर आएंगे।

सिर्फ व्हाइट शर्ट पहने तारा सुतारिया ने दिखाया अपना बोल्ड अवतार

बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह आए दिन अपनी ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करके फैंस का दिल जीत लेती हैं. उनकी तस्वीरें पोस्ट होते ही वायरल हो जाती हैं. आज तारा ने अपनी बोल्ड तस्वीर शेयर की है जो पोस्ट होते ही वायरल हो गई है. फोटो में तारा ने सिर्फ व्हाइट शर्ट पहनी हुई है. तारा ने लेटेस्ट फोटोशूट डब्बू रतनानी के कैलेंडर के लिए करवाया है. इस बोल्ड तस्वीर में तारा ने सिर्फ व्हाइट कलर की शर्ट पहनी है. साथ ही नी लेंथ टैन बूट्स पहने हैं. तारा की इस तस्वीर से उनके फैंस की नजरें नहीं हट रही हैं. तारा की इस तस्वीर को 2 लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं. उनके फैंस ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं. एक फैन ने लिखा- बहुत सुंदर. वहीं दूसरे फैन ने लिखा- माइ गर्ल इज ऑन फायर. आपको बता दें तारा से पहले टाइगर श्रॉफ, आलिया भट्ट, विक्की कौशल, विद्या बालन, अभिषेक बच्चन, कियारा आडवाणी, सनी लियोनी सहित कई सेलेब्स इस साल डब्बू रतनानी के कैलेंडर शूट का हिस्सा बने हैं. सभी सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर की थी जो पोस्ट होते ही वायरल हो गई थीं. तारा सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लिए ग्लैमरस के साथ देसी अवतार में भी दिखाती रहती हैं. हाल ही में तारा ने लहंगे में फोटोशूट करवाया था. जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी. तारा सुतारिया ने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में कदम रखा था. इस फिल्म में उनके साथ अनन्या पांडे और टाइगर श्रॉफ लीड रोल में नजर आए थे. इसके बाद तारा फिल्म मरजावां में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आईं थी. उसके बाद से तारा किसी फिल्म में नजर नहीं आई हैं. उनकी फिल्म तड़प आने वाली है. इस फिल्म में तारा के साथ सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी नजर आने वाले हैं. इसके अलावा तारा टाइगर श्रॉफ के साथ दोबारा हीरोपंती 2 में काम करने वाली हैं।

थिएटर में रिलीज होगी अहान शेट्टी की पहली फिल्म तड़प?

कोरोना महामारी के कारण बॉलीवुड की कई बड़ी फिल्में थिएटर छोड़ ओटीटी का रुख कर चुकी हैं। पिछले काफी समय से चर्चा थी कि सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी की पहली फिल्म तड़प भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ही रिलीज होगी। अहान की इस फिल्म का दर्शकों से बेसब्री से इंतजार है। अब इसकी रिलीज से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आई है। यह फिल्म कब रिलीज होगी और थिएटर में रिलीज होगी या ओटीटी पर, आइए जानते हैं। अहान ने तड़प की शूटिंग पूरी कर ली है। निर्माताओं ने फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम भी निपटा लिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक अब निर्माता थिएटर खुलने का इंतजार कर रहे हैं। इसके बाद ही वे फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म किसी भी हाल में ओटीटी पर नहीं आएगी। यह अहान की पहली फिल्म है और निर्माता साजिद नाडियाडवाला इसे थिएटर में ही रिलीज करना चाहते हैं। पिछले दिनों खबर थी कि अहान को फिल्म आशिकी 3 के लिए फाइनल कर दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म में अहान के नाम पर निर्माताओं की मुहर लग चुकी है और वह अगले साल से इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। सूत्रों की मानें तो अहान तड़प जैसी अपनी पहली एक्शन फिल्म के बाद एक इमोशनल रोमांटिक फिल्म में काम करना चाहते थे और अब आशिकी 3 के साथ उनकी यह ख्वाहिश पूरी होने जा रही है। फिल्म तड़प में अहान के साथ अभिनेत्री तारा सुतारिया नजर आएंगी। मिलन लुथारिया ने फिल्म का निर्देशन किया है और साजिद नाडियाडवाला इसके निर्माता हैं। इस साल मार्च में अक्षय ने उनकी इस फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया था, जिसके बाद इसे लेकर दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया था। तडप 2018 में रिलीज हुई तेलुगु फिल्म आरएक्स 100 का हिंदी रीमेक होगी।

कमाई में किसी से कम नहीं वाणी कपूर

बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा वाणी कपूर को भला कौन नहीं जानता है. अपनी एक्टिंग के साथ साथ वाणी ग्लैमरस अदाओं के लिए भी जानी जाती हैं. वाणी कपूर ने मॉडलिंग में अपनी एक खास पहचान बनाने के बाद बॉलीवुड में एंट्री की थी. तमाम परेशानियों के बाद आज वाणी एक खास मुकाम पर पहुंची हैं. वाणी आज करोड़ों में खेलती हैं. वाणी ने अपने करियर की शुरुआत दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के साथ की थी. वाणी सुशांत के साथ 2013 में आई फिल्म शुद्ध देसी रोमांस में नजर आई थीं. इस फिल्म के बाद से एक्ट्रेस धीरे धीरे करियर में आगे बढ़ रही हैं. अब सिर्फ खूबसूरती ही नहीं बल्कि पैसों के मामले में भी किसी से कम नहीं वाणी कपूर. वाणी अपनी हर एक फिल्म के लिए लाखों रूपये चार्ज करती हैं. खबरों की मानें तो एक्ट्रेस वाणी कपूर की कुल संपत्ति 2020 में 9 करोड़ रुपये के आस पास थी. जबकि नेटवर्थसपीडिया के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 75 मिलियन रुपए से 374 मिलियन रुपए के बीच है. यानि की कमाई में वाणी किसी भी बड़ी एक्ट्रेस से अब कम नही हैं. वाणी की कमाई के अलग अलग सोर्स हैं. एक्ट्रेस फिल्मों के अलावा मॉडलिंग, विज्ञापन , फोटोशूट आदि से तगड़ी कमाई करती हैं. इस सोर्स से भी कमाई में वाणी बाकी एक्ट्रेस से कम नहीं हैं. आपको बता दें कि वाणी कपूर दिल्ली की रहने वाली हैं. उन्होंने यहां आलीशान घर खरीदा है. इसके अलावा एक्ट्रेस का मुंबई में भी घर है. मीडिया की खबरों की मानें तो वह कई देशों में अलग-अलग संपत्तियों के मालिक भी हैं. हालांकि इनकी कोई पुष्टि नहीं है. वाणी कपूर की कार का कलेक्शन काफी आम है. वाणी के पास ऑडी जैसी कई कार हैं।

शाहरुख पठान के बाद राजकुमार हिरानी की फिल्म की शूटिंग सितंबर में शुरू करेंगे

दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान ने दमदार अभिनय से लाखों दर्शकों को अपना मुरीद बनाया है। फैंस इनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। फिलहाल वह अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म पठान को लेकर चर्चा में हैं। हाल में शाहरुख ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू की है। अब जानकारी सामने आ रही है कि वह पठान के बाद राजकुमार हिरानी की अगली फिल्म की शूटिंग सितंबर में शुरू करेंगे। शाहरुख काफी समय से राजकुमार की फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। राजकुमार की आगामी फिल्म में शाहरुख के साथ तापसी पन्नू के नजर आने की खबरें सामने आई थीं। हालांकि, इस संबंध में अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राजकुमार इस साल सितंबर से शाहरुख के साथ अपनी अपनी फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग जनवरी, 2022 तक चलेगी। तापसी इस फिल्म में फीमेल लीड की भूमिका में नजर आ सकती हैं। यदि इस फिल्म में शाहरुख के साथ तापसी को कास्ट किया जाता है, तो इनकी जोड़ी को पहली बार स्क्रीन शेयर करते हुए देखा जाएगा। फिल्म एक सोशल कॉमेडी ड्रामा होगी, जो इमीग्रेशन के मुद्दे पर आधारित होगी। इसमें शाहरुख एक प्रवासी की भूमिका निभाते हुए नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म में एक ऐसे व्यक्ति की कहानी को फिल्माया जाएगा, जो पंजाब से कनाडा शिफ्ट हो जाता है। फिल्म को राजकुमार और कनिका ढिल्लों ने लिखी है। अब फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो चुका है। राजकुमार की यह फिल्म 2022 में रिलीज हो सकती है। रिपोर्ट में बताया गया था कि शाहरुख और राजकुमार के इस प्रोजेक्ट की चर्चा लंबे समय से चल रही है। इससे पहले शाहरुख के प्रोडक्शन वाली फिल्म बदला में तापसी ने काम किया था। बदला में अमृता सिंह और अमिताभ बच्चन भी नजर आए थे। शाहरुख के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी कई फिल्में रिलीज की कतार में शामिल हैं। वह थ्रिलर फिल्में बनाने के लिए मशहूर राज एंड डीके की आगामी फिल्म में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। निर्देशक संजय लीला भंसाली ने भी शाहरुख के साथ इजहार नाम की एक रोमांटिक फिल्म बनाने की प्लानिंग की है। अभिनेता सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 में शाहरुख छोटी, लेकिन एक महत्वपूर्ण भूमिका में दिखने वाले हैं।

साबुन और बाद में एलर्जी का कारण, समझें

साबुन में कुछ ऐसे तत्व होते हैं जो अक्सर एलर्जी का कारण बन सकते हैं। इनमें से एक प्रकार का रसायन हैलोजनेट्स सैलिसिलेनिलाइड्स कहा जाता है। दुनिया के विकसित देशों में कई साल पहले ऐसे रसायनों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई थी। जो लोग 10-15 साल पहले इन रसायनों का इस्तेमाल करते थे, वे अब अपनी त्वचा पर एक प्रकार की एलर्जी का अनुभव कर रहे हैं, जिसे चिकित्सकीय भाषा में फोटोएलर्जी कहते हैं। ये रसायन त्वचा को प्रकाश के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाते हैं। नतीजतन, त्वचा को हल्की धूप मिलने पर एलर्जी हो जाती है। हमारे देश में साबुन के आवरण पर उत्पाद का संघटन नहीं लिखा होता है। नतीजतन, डॉक्टरों के लिए बीमारी का विस्तृत विचार प्राप्त करना अक्सर असंभव होता है, चाहे उत्पाद में हानिकारक तत्व हों। यदि रचना लिखी जाती है, तो डॉक्टर आसानी से रोगी के लिए सही साबुन की पहचान कर सकते हैं। एलर्जी अक्सर साबुन के साथ अलग-अलग रंगों के मिलने से होती है। नतीजतन, हाथ के पीछे या बगल पर दाने दिखाई देते हैं।

वर्तमान में हमारे देश के उत्पाद बाजार में क्षारीय या औषधीय साबुन की भारी मांग है। इससे त्वचा में एलर्जी के अलावा जलन भी हो सकती है। इससे त्वचा पर घाव भी हो सकते हैं। खासकर अगर त्वचा को पहले से ही डर्मेटाइटिस है।

अगर आपको एक्जिमा है तो चिंता की कोई बात नहीं है- शुरुआत से ही उचित उपचार से इस बीमारी को खत्म किया जा सकता है। इसलिए रोग को बिल्कुल भी नहीं रखना चाहिए। एक्जिमा के रोगियों के मामले में अक्सर यह देखा जाता है कि रोग कम होते ही रोगी दवा लेना या उपयोग करना बंद कर देता है। इसलिए, यदि आप चिकित्सक द्वारा बताए अनुसार इलाज के बाद कुछ और दिनों तक दवा का उपयोग करते हैं, तो एक्जिमा की पुनरावृत्ति का जोखिम बहुत कम हो जाता है।

हालांकि, मधुमेह के रोगियों को एक्जिमा ठीक होने में थोड़ा अधिक समय लगता है। अच्छे रक्त शर्करा के स्तर और एक्जिमा के उचित उपचार से दोनों रोगों को नियंत्रित किया जा सकता है। यदि गर्भवती मां को एक्जिमा है, तो पहले तीन महीनों तक भोजन की दवा देना उचित नहीं है। लेकिन ऐसा उपचार स्थानिक कोटिंग के साथ किया जा सकता है। कुछ एक्जिमा गर्म, गर्म या शुष्क मौसम में विकसित होते हैं। जैसे सेबोरहाइक एक्जिमा से गर्मी और पसीना आता है। इसलिए हर समय सावधान रहें। थोड़ी सी जागरूकता से इन बीमारियों से बचा जा सकता है।

कुछ घरेलू नुस्खों से करें जी मिचलाने का इलाज



कार में बैठने से मतली हो सकती है। कई कारणों के अलावा जी मिचलाना, भूख न लगना भी आ सकता है। यह समस्या गर्भावस्था के दौरान, यात्रा के दौरान या एसिडिटी के कारण अधिक होती है।

1. अदरक कई तरह की शारीरिक बीमारियों को दूर करता है। जी मिचलाना या पेट की किसी भी समस्या के लिए आप अदरक का सेवन कर सकते हैं। अगर आपको मिचली आ रही है तो अदरक का एक टुकड़ा चबाएं।

2. नींबू के रस में मौजूद एसिड मतली को कम करता है। एक गिलास गर्म पानी में नींबू का रस और एक चुटकी नमक मिलाकर पीने से मतली से राहत मिलती है।

3. अध्ययनों से पता चला है कि पुदीने की पत्ती का तेल मतली को कम करता है। दोनों हाथों की हथेलियों पर तेल की कुछ बूंदों से महक सूखने पर यह समस्या दूर हो जाएगी।

4. मतली को कम करने के लिए कुछ मसाले अच्छा काम करते हैं। विशेष रूप से सौंफ पाउडर, दालचीनी पाउडर और भुना जीरा मतली से राहत दिलाता है। इन मसालों की चाय बनाना भी फायदेमंद होता है।

5. अगर आपको मिचली आ रही है, तो आप एक छोटी इलायची को अपने मुंह में डाल सकते हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सा के अनुसार, यह मतली से राहत देता है।

वन-टू-वन

कुनो नेशनल पार्क मे जल्द ही उपलब्ध होंगे अफ्रीकन चीते

पुष्पांजली टुडे

श्योपुर लंबे समय से इंतजार कर रहे टूरिस्टो के लिए एक अच्छी खबर है जिले मुख्यालय के अंतर्गत आने वाले कुनो राष्ट्रीय उद्यान मे अफ्रीकन चीते जल्द ही देखने को मिलेंगे वन विभाग कि और से सम्पूर्ण तैयारियां हो चुकी है मिडिया जानकारी के अनुसार अभी फस्ट मे 8 अफ्रीकन चीते मिलेंगे फिर व्यबस्था के अनुसार बढ़ाये जाएंगे ये श्योपुर जिले के लिए बड़े हर्ष गौरव कि बात होंगी कि सम्पूर्ण भारत मे अफ्रीकन चीते सिर्फ कुनो उद्यान मे देखने को मिलेंगे और श्योपुर जिला जल्द ही विश्व मे अपना नाम चर्चित करेगा बात करें कुनो नेशनल पार्क कि तो ये 750 वर्ग किलोमीटर मे फैला हुआ है अभी हाल ही मे कुनो नदी मे 50 घड़ियाल छोड़े गये है बात करें इसकी सुंदरता कि तो कुनो उद्यान देसी और विदेशी लोगो के लिए आकर्षन का केंद्र बनता जा रहा है!

जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई

नेनाराम सिरवी, पुष्पांजली टुडे

पाली रानी - भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर आज भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष जयन्तिलाल वैष्णव नगरपालिका अध्यक्ष भरत राठौड, उपाध्यक्ष डालचंद चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमराज जैन के नेतृत्व में आज स्कूल खेल मैदान में वृक्षारोपण किया गया। एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर फूल माला व पुष्प अर्पित कर उनकी जन्म जयंती मनाई। *इस अवसर पर*-मंडल महामंत्री प्रवीण पोरवाल, मंडल महामंत्री भरत जीनगर, उपाध्यक्ष विक्रम सोलंकी, पार्षद मनिष मेहता, पार्षद ललित सोनी, पार्षद पदम सिंह, राघव प्रसाद पांडे, जयन्तिलाल जैन, कुंदन सिंह राजपुरोहित, भरत बोराणा, गोपीचंद माली, इंतजार अली,सुनिल बुनकर, बाबुलाल भाटि, आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे ।

भीषण गर्मी से झुलसा यूपी, हरियाणा और राजस्थान, 10 जुलाई तक दिल्ली में पहुंचेगा मानसून

नई दिल्ली । इन दिनों भीषण गर्मी से देश के उत्तरी क्षेत्र झुलस रहे हैं। देश के मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 10 जुलाई तक दिल्ली सहित उत्तर भारत के शेष हिस्सों में पहुंच सकता है। पिछले 15 वर्षों के दौरान ऐसा पहली बार हुआ है जब मानसून इतनी देर से पहुंच रहा हो। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में मंगलवार को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने तथा अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 41 और 29 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। इसके अलावा हरियाणा में भी भीषण गर्मी का कहर जारी रहा। गुरुग्राम में अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से 4 डिग्री अधिक है। अगले दो-तीन दिनों में इस क्षेत्र में तापमान के और अधिक बढ़ने की आशंका है। गुरुग्राम हरियाणा का सबसे गर्म इलाका रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, हरियाणा के हिसार में अधिकतम तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि नारनौल और भिवानी में अधिकतम तापमान क्रमशः 41 डिग्री और 38.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो-तीन दिनों के दौरान हरियाणा और चंडीगढ़ में कोई खास बारिश होने की संभावना नहीं है। केवल हल्की बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है। हरियाणा के कई इलाकों में 8 जुलाई से मानसून के जोर पकड़ने की उम्मीद है और 8 से 10 जुलाई के बीच कुछ इलाकों में मध्यम बारिश हो सकती है। गौरतलब है कि हरियाणा में 13 जून को ही दक्षिण-पश्चिम मानसून ने दस्तक दे दी थी, लेकिन उसके बाद पिछला एक पखवाड़ा सूखा ही रहा है। मौसम विभाग ने एक वक्तव्य जारी कर कहा, %दक्षिण-पश्चिम मानसून के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शेष हिस्सों, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के कुछ और हिस्सों में 10 जुलाई के आस-पास आगे बढ़ने की संभावना है।

जिला सतर्कता और निगरानी समिति की बैठक संपन्न

शहर में चल रहे विकास कार्यों के साथ कोरोना की समीक्षा भी की गई

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे

भोपाल । जिला पंचायत सभाकक्ष में सम्पन्न जिला सतर्कता और निगरानी समिति की बैठक में सांसद सुश्री प्रज्ञा ठाकुर ने कहा है कि जिले में सभी विकास कार्यों की लगातार समीक्षा की जानी चाहिए विशेषकर आम जनता से जुड़े काम समय पर पूरा करने के प्रयास हो जिससे शासन पर अतिरिक्त वित्तीय भार नही आए। केंद्र सरकार के वित्तीय पोषण से संचालित और निर्मित होने वाली संरचनाओं पर विशेष रूप से निगाह रखी जाए।

बैठक में संतोष व्यक्त किया गया कि वर्तमान में कोरोना संक्रमण की दर लगातार कम हुई है जिससे लोगों में विश्वास जागा है इसी विश्वास के साथ लोगों को सावधानी के साथ रहने की आदत डालना होगी इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए । कोरोना संक्रमण की संभावित तीसरी लहर को रोकने के लिए सभी विभाग सतर्कता के साथ काम करें। उसके साथ ही सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जाएं ।

बैठक में विधायक पीसी शर्मा अन्य विधायक प्रतिनिधि, कलेक्टर अविनाश लवानिया, नगर निगम आयुक्त कोलसानी, जिला पंचायत अध्यक्ष नागर, जिला पंचायत सीईओ विकास मिश्रा के साथ अन्य विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

बैठक में सांसद साध्वी सुश्री प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा कि जिले में कोरोना संक्रमण को रोकने में बेहतर प्रयास हुए हैं इसके लिए जिले के प्रशासन को साधुवाद दिया जाना चाहिए।

बैठक में स्मार्ट सिटी द्वारा किए गए कामों की समीक्षा की गई ।इसके अलावा केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाले निशुल्क राशन वितरण की समीक्षा भी की गई। जिसमें अस्थाई पर्ची और 24 श्रेणी में आने वाले परिवारों को निशुल्क पर्ची दिए जाने के संबंध में भी चर्चा की गई। सांसद साध्वी ठाकुर ने कहा कि राशन वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए लोगों में जागरूकता अभियान चलाया जाए और सभी दुकानों पर इसके संबंध में जानकारी के पोस्टर लगाये जाए।भोपाल में अतिक्रमण को रोकने के लिए लगातार राजस्व और ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंच लगातार निरीक्षण करते रहे। कहीं भी शासकीय भूमि पर अतिक्रमण नहीं होने दिया जाए ।

सांसद ने कहा कि भोपाल की निचली बस्तियों और जल भराव वाले क्षेत्रों का लगातार सर्वे किया जाए जहां पर बरसात का पानी भर रहा है उसमे सुधार किया जाए। नदी,नालों और नालियों की लगातार साफ सफाई हो , रोड किनारे और आवासीय क्षेत्रों में कमजोर पेड़ों को चिन्हित किया जाए इनको दूसरी जगह शिफ्ट करने या फिर हटाने की व्यवस्था भी की जाए।

जिले की बिजली व्यवस्था की समीक्षा भी हुई जिसमें बिजली बिलों की शिकायतों को तुरंत दूर करने और बढ़े हुए बिलों का समायोजन करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही यदि कही बिलों की राशि में ज्यादा अंतर आए हैं तो उनको भी तुरंत समायोजित किया जाये। बिलों को किस्तों में लिए जाने के संबंध में भी शासन से पत्राचार किया जाए। हथाई खेड़ा डेम क्षेत्र में अतिरिक्त भराव की स्थिति में पानी से किसानों की फसलें खराब हो जाती हैं इसके लिए सर्वे कराने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में कलेक्टर अविनाश लवानिया ने बताया कि उपरोक्त सभी बिंदुओं पर अगली बैठक के पूर्व कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी और सभी संबंधित विभागों को उपरोक्त सभी चर्चारत बिंदुओ पर कार्रवाई के निर्देश दिए है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के अनंतिम चयन पर दावे/आपत्ति आमंत्रित'

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ

छिंदवाड़ा(दैनिक पुष्पांजली टुडे)। एकीकृत बाल विकास परियोजना हर्रई की परियोजना अधिकारी ने बताया कि जिले की परियोजना हर्रई के अंतर्गत 12 आंगनवाड़ी केन्द्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये विकासखंड स्तरीय चयन समिति द्वारा वरीयता के आधार पर अभ्यर्थियों का अनंतिम चयन किया गया है । इस संबंध में यदि किसी आवेदक को आपत्ति हो तो वह तथ्यात्मक दस्तावेज के साथ अपने दावे/आपत्ति 12 जुलाई 2021 तक संबंधित परियोजना कार्यालय में प्रातः 10ः30 से शाम 5 बजे तक प्रस्तुत कर सकता है । निर्धारित समय के बाद किसी भी प्रकार की दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी ।

एकीकृत बाल विकास परियोजना हर्रई की परियोजना अधिकारी ने बताया कि आंगनवाड़ी केन्द्र हर्रई बस्ती वार्ड-10 में श्रीमती विनीता डेहरिया, आंगनवाड़ी केन्द्र रावरा खुर्द वार्ड-9 में श्रीमती दसिया मसराम, आंगनवाड़ी केन्द्र गौरपानी क्रमांक-01 में कुमारी संगीता डेहरिया, आंगनवाड़ी केन्द्र कुंडाली में श्रीमती सीतू डेहरिया, आंगनवाड़ी केन्द्र डबरी में श्रीमती शैलकुमारी उइके व आंगनवाड़ी केन्द्र बटकाखापा क्रमांक-06 में श्रीमती मालती साहू का आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद के लिये अनंतिम चयन किया गया है । इसी प्रकार आंगनवाड़ी केन्द्र गौरपानी क्रमांक-01 श्रीमती उर्मिला डेहरिया, आंगनवाड़ी केन्द्र रातेर में श्रीमती सरस्वती इरपाचे, आंगनवाड़ी केन्द्र धनौरा क्रमांक-03 श्रीमती पूजा डेहरिया, आंगनवाड़ी केन्द्र भेड़ा क्रमांक-03 में श्रीमती फूलकुमारी बाडीवा, आंगनवाड़ी केन्द्र बांडाबोह में श्रीमती किरण बारसिया, आंगनवाड़ी केन्द्र मुआरसानी में श्रीमती सुरेशवती धुर्वे व आंगनवाड़ी केन्द्र रातामाटी क्रमांक-01 में श्रीमती अमासवती भलावी का सहायिका के पद के लिये अनंतिम चयन किया गया है । इनके अलावा दो-दो अभ्यर्थियों का नाम प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।

डीजल-पेट्रोल की कीमतों के विरोध में युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन किया

नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

भिण्ड(ब्यूरो)। आज पेट्रोल- डीजल के बढ़ते दामों के विरोध में युवक कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष शिवम सैंथिया ने शहीद भगत सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किला हाट से पद यात्रा निकाल कर एव गोल मार्केट पर नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया जिसमें मुख्य रूप से राहुल कुशवाह छात्र नेता शिवांश शर्मा, आदित्य पुरोहित, इमरान खान, अंकित तोमर, राहुल अहिरवार, सौरव यादव, अंकित राजोरिया, मोहित सैंथिया, अमित गोयल,गोपाल शर्मा, नीतेश शर्मा,आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रोट्रेक्ट रीगल ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

YOUNG PROFESSIONALS OF ROTARY
Welcomes You

ग्वालियर(अर्पित गुप्ता)

रोट्रेक्ट क्लब ऑफ ग्वालियर रीगल के नवीन कार्यकाल शुभारंभ रक्तदान शिविर के साथ रैडक्रॉस भवन में किया गया क्लब अध्यक्ष प्रीति भट्ट तथा संयोजक ,उपाध्यक्ष निवेश शर्मा ने कहा खून एक ऐसी चीज है जिसे बनाया ही नहीं जा सकता। इसकी आपूर्ति का कोई और विकल्प भी नहीं है। यह इंसान के शरीर में स्वयं ही बनता है। कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए इसके साथ ही रोट्रेक्ट रीगल द्वारा हर माह की छः तारीख को रक्तदान शिविर लगाया जायेगा इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ ग्वालियर रीगल के अध्यक्ष सुधीर त्रिपाठी ,पूर्व अध्यक्ष अखिलेश पटेरिया रोट्रेक्ट रीगल सचिव श्रद्धा शिंदे ,अक्षत चौहान ,उत्कर्ष पचौरी ,अभिषेक पाठक ,राहुल आर्य,नवनीत सक्सैना आदि उपस्थित थे।।

वृक्षारोपण से बड़ा संसार में कोई पुनीत कार्य नहीं : भदौरिया

संतोष सिंह भदौरिया, पुष्पांजली टुडे न्यूज़

9179661562

गोरमी। भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी द्वारा जनसंघ के संस्थापक सदस्य डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म जयंती के अवसर पर फल वितरण एबम वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये गये। गोरमी नगर मैं शासकीय इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में युवा भाजपा नेता डॉ भारत सिंह भदौरिया विशेष अतिथि के रूप में बरिष्ठ नेता श्रीकृष्ण कटारे पूर्व मंडल अध्यक्ष रमन सिंह भदौरिया एबम अध्यक्षता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की। इस अबसर पर मुख्य अतिथि डॉ भारत सिंह भदौरिया रिन्कू ने कहा एक वृक्ष सौ पुत्र के समान होता है इसलिए हम सबको वृक्ष की देखभाल अपने पुत्र की तरह करते रहना चाहिए इस लिये हम कह सकते हैं कि संसार में वृक्षारोपण से बड़ा कोई पुनीत का नहीं है वृक्षों से हमें ऑक्सीजन मिलती है जो प्राणवायु का कार्य करती है इस अबसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित बरिष्ठ नेता श्री कृष्ण कटारे ने कहा कि आज हम सब ऐसे महान नेता की जन्म जयंती पर बृक्षारोपण कर रहे है जिसने देश की एकता और अखंडता के लिये अपने प्राणों की बाजी लगा दी इस लिये हम सब कार्यकर्ता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जन्मजयंती पर शत शत नमन करते हेअन्त में आभार प्रगट मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने किया कार्यकर्म में मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष रमन सिंह भदौरिया राजेन्द्र सिंह गुर्जर सरपंच राजू भदौरिया सुभाष यादव मोनू शर्मा अरविंद जैन दिनेश श्रीवास् विपिन यादव भूरे चौधरी भूपेंद्र वर्मा जितेंद गुर्जर मोनू भदौरिया राय सिंह जाटव डॉ प्रसांत समाधिया आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

देश की अखंडता के लिये सर्वस्व समर्पित कर देने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मजयंती पर पौधा गोद लेने का लिया सकल्प

भाजपा ने किया पौधा दान, कार्यकर्ताओ ने कहा बच्चे की तरह पालेंगे

गोहद।

भारतीय जनता पार्टी मण्डल गोहद नगर द्वारा जनसंघ के संस्थापक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मजयंती का कार्यक्रम सिचाई विभाग के विश्राम ग्रह पर मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष विवेक जैन, संचालन महामंत्री आशीष शर्मा व आभार व्यक्त कार्यक्रम के प्रभारी सन्तोष प्रजापति ने किया। कार्यकम में विवेक जैन ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की अखंडता के लिए सर्वस्व समर्पित कर देने वाले श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मजयंती सप्ताह भाजपा सेवा कार्य के रूप में मना रही है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू-कश्मीर को मिले विशेष राज्य के दर्जा के खिलाफ थे और उन्होंने राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा बताते हुए अनुच्छेद 370 का पुरजोर विरोध किया था। संसद के भीतर और बाहर इसके खिलाफ कड़ी लड़ाई लड़ी। भारतीय जनसंघ का मकसद इसे तत्काल समाप्त करना था। मुखर्जी ने 26 जून 1952 को अपने लोकसभा भाषण में इस प्रावधान के खिलाफ आवाज उठाई। राज्य का अलग झंडा होने और प्रधानमंत्री के प्रवाधान पर मुखर्जी ने कहा था %एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे।% मोदी सरकार ने 2019 में इसको समाप्त कर दिया। मुखर्जी 1943 से 1946 तक अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष भी रहे। 1953 में जम्मू और कश्मीर पुलिस की हिरासत में उनकी मृत्यु हो गई। मुखर्जी को याद करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया व प्रत्येक कार्यकर्ता को पौधा दान किया गया भाजपा संग़ठन ने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वह कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए जिस पर प्रत्येक कार्यकर्ता ने एक पौधा गोद लेने का सकल्प लिया ओर उस पौधे को बच्चे की तरह पालने का वचन दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चन्द्रशेखर शर्मा, संजय झा, अर्चना शर्मा, भीकम कौशल, शादी खा, लाखन सिंह गुर्जर, केपी राठौर, लला कुशवाह, रिंकू भटेले, प्रमोद कामत, राजेश नागर, प्रदीप भरद्वाज, सौरभ पांडेय, जुगल सोनी, विक्रम यादव, विकास श्रीवास, मदन श्रीवास, दशरथ घुरैया, आत्मदास भटनागर, विद्यराम शेजवार, उमा राठौर, सन्तोष राठौर, पिंकी सगर, राधेश्याम गौड़, विकास जैन, अरविंद शर्मा, धर्मन्द्र कंसाना, मनीष विजयवंशी, विनोद माहौर, हरिओम भटेले, विवेक शर्मा प्रमुख रूप से रहे।

2021/7/6 09:19

प्रमुख क्षेत्र पंचायत निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष सकुशल संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी ने की बैठक

प्रमुख क्षेत्र पंचायत निर्वाचन के तहत नामांकन 8 जुलाई एवं मतदान 10 जुलाई को होगा संपन्न

पुष्पांजली टुडे

एटा। जिला मजिस्ट्रेट अंकित कुमार अग्रवाल ने जनपद की 8 विकास खंडों में प्रमुख क्षेत्र पंचायत के निर्वाचन हेतु सार्वजनिक नोटिस जारी करने के उपरांत संबंधित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में अति आवश्यक बैठक की। जिला मजिस्ट्रेट ने बैठक के दौरान निर्देश दिए कि मा0 आयोग की मंशानुसार जनपद में प्रमुख क्षेत्र पंचायत के निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाए। इस हेतु समस्त आवश्यक तैयारियां समय पूर्ण कर ली जाए, जिससे कि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो।

जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए उम्मीदवार प्रस्तावक एवं अनुमोदक संबंधित क्षेत्र की मतदाता सूची में अवश्य शामिल होना चाहिए। फोटोयुक्त मतदाता सूची से 10 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे से अपराहन 3 बजे तक मतदान होगा तथा मतगणना उसी दिन अपराह्न 3 बजे से कार्य की समाप्ति तक की जाएगी। जाति आरक्षण का लाभ लेने की स्थिति में मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। नॉमिनेशन स्थल, मतदान एवं मतगणना स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएं, साथ ही वीडियोग्राफी तथा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं।

नाम निर्देशन पत्र 8 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक दिए जायेंगे। नाम निर्देशन के प्रपत्र 8 जुलाई तक पूर्वान्ह 11 बजे से लेकर अपरान्ह 3 बजे के बीच निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। नाम निर्देशन पत्रों के परीक्षण का काम क्षेत्र पंचायत कार्यालय अलीगंज में 8 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे आरंभ होगा। तो वहीं उम्मीदवारी वापिसी की सूचना किसी उम्मीदवार, उसके प्रस्तावक या अनुमोदक द्वारा पैरा एक में उल्लखित अधिकारी को 9 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक उसके कार्यालय पर दी जाएगी। यदि निर्वाचन लड़े जाने की दशा में मतदान 10 जुलाई 2021 को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे के बीच होगा और मतगणना अपरान्ह 3 बजे से कार्य की समाप्ति तक होगी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुनील कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन विवेक कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी एसएन सिंह कुशवाह, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त अपर उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, अधिशासी अभियंता जल निगम एएस भाटी, एडीईओ सुधाकर मैथिल आदि मौजूद रहे।

वन-टू-वन

समाजवादी चिंतक व विचारक समाजसेवी राष्ट्र हितेषी सर्वप्रिय शिक्षाविद रघु ठाकुर को मनोनीत सांसद बनाने की मांग

गोहद।

मध्य प्रदेश ही नहीं बल्कि समूचे भारतवर्ष के प्रसिद्ध जाने पहचाने राष्ट्र हितेषी समाजसेवी चिंतक व विचारक आमजन की मूलभूत आवश्यक समस्याओं के निराकरण हेतु निरंतर सरकारों व प्रशासन के समक्ष बुलंदी के साथ आवाज उठाने वाले लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रघु ठाकुर जी को उनके द्वारा देश हित में किए पुनीत कार्यों को देखते हुए उन्हें सम्मान देते हुए भारत के महामहिम राष्ट्रपति महोदय को दलगत राजनीति भावना से ऊपर उठकर संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार मनोनीत राज्यसभा सांसद बनाया जाना चाहिए। यह बात गोहद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार शुक्ला ने देश के चिंतक व विचारक रघु ठाकुर को मनोनीत राज्यसभा सांसद बनाए जाने की मीडिया के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मांग की है। आगे किसान नेता शुक्ला ने कहा कि हम 1988 से देख रहे हैं। कि रघु ठाकुर जी से ग्वालियर, चंबल संभाग, सागर सहित देश के विभिन्न दलों के नेताओं ने राजनीतिक शिक्षा ग्रहण की है इसलिए सभी दलों के बड़े दिग्गज नेताओं को रघु भाई को संसद भवन पहुंचाने में सहयोग अवश्य करना चाहिए। साथ ही महामहिम राष्ट्रपति महोदय को समानता की भावना रखते हुए सहयोग करना चाहिए।

महिला से मोबाइल लूट की घटना में फरार अभियुक्त लुटे हुए मोबाइल सहित गिरफ्तार

अपर पुलिस महा
निरीक्षक परिक्ष
पुलिस अधीक्षक
440017
44003
544002

एटा। राजीव कुमार पुत्र रामभरोसे लाल निवासी मोहल्ला लोधी नगर बनगांव रोड थाना कोतवाली नगर ने थाना कोतवाली नगर पर सूचना दी कि 3 जुलाई को प्रार्थी की पत्नी आगरा रोड पर पैदल सब्जी लेने जा रही थी तभी पेट्रोल पंप के पास से मोटरसाइकिल सवार एक अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी की पत्नी से मोबाइल छीन लिया। इस सूचना पर थाना पर अभियोग पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गम्भीरता से लेते हुये मोबाइल की बरामदगी व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर को निर्देशित किया। मंगलबार को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा उक्त मुकदमें में वांछित चल रहे अभियुक्त किशन बाबू शर्मा पुत्र मुन्ना लाल शर्मा निवासी कटरा मोहल्ला थाना कोतवाली नगर को मुखविर की सूचना पर बस स्टैंड से लूटे हुए मोबाइल सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

पर्यावरण संरक्षण डॉ महेन्द्रसिंह राजपुरोहित को केंम्पेगौड़ा भीष्मा सेवा प्रशस्ति पत्र देकर किया समानित

पुष्पाजली टुडे, नारायणलाल सैणचा

मैसूरु । वकलिंग युवा शक्ति वैदिके के तत्वावधान में चंद्र मोलेश्वर स्वामी प्रार्थना मंदिर के सभागार में केंपेगौड़ा की 512 वी. जयंती के उपलक्ष में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के समाजसेवियों को केंपेगौड़ा भीष्मा सेवा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया द्य इस अवसर पर पर्यावरण जागृती वेदिके के अध्यक्ष बनूर महेंद्र सिंह राजपुरोहित,मैसूरु दशहरा वस्तु प्रदर्शनी मैदान प्राधिकरण के अध्यक्ष हेमंत कुमार गौड़ा, सिंडीकेट बैंक के सदस्य ईसी लिंगराजू गौड़ा,शहर विकास प्राधिकरण के सदस्य एमएन नवीन कुमार,कन्नड़ साहित्य परिषद के अध्यक्ष वाईडी राजण्णा,वकलिंग युवा शक्ति वेदिके के अध्यक्ष प्रमोद गौड़ा, प्रधान कार्यदर्शी मंजूनाथ गौड़ा, केएमपीके चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष विक्रम अयंगर,भाजपा कार्यकर्ता परमेश गौड़ा,डॉ एसपी योगण्णा आदि मौजूद रहे ।

भिंड दतिया सांसद संध्या राय इंदरगढ़ महाविद्यालय में किया वृक्षारोपण

पुष्पांजली टुडे

इंदरगढ़ भारतीय जनता पार्टी ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन के उपलक्ष में अंकुर अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय कामद रोड पर वृक्षारोपण एवं खाद्य सामग्री वितरण किया

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिंड सांसद संध्या राय ने मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया उन्होंने कहा कि मुखर्जी ने हमेशा एक राष्ट्र एक झंडा के लिए संघर्ष किया एवं राष्ट्र हित संघर्ष करते रहे कार्यक्रम के तत्पश्चात गरीब को खाद्य सामग्री वितरण की एवं विद्यालय परिषद में अंकुर अभियान के तहत वृक्षारोपण किया इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया पूर्व विधायक प्रदीप अग्रवाल इंदरगढ़ एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राम लखन सिंह गुर्जर एवं भूपेंद्र कमरिया वरिष्ठ नेता राजेश ठाकरे जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि बांके बिहारी शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत खरे मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला कार्यक्रम का रामस्वरूप मंडल के द्वारा किया गया।

अंकुर अभियान में
वृक्षारोपण कार्यक्रम
दिनांक 06 जुलाई 2021
रामलखन गुर्जर

दहेज में स्कार्पियों न मिलने पर बहू की हत्या

फोन पर पिता से बोली लड़की - मुझे ले जाओ यह सब मिलकर मार डालेंगे, 20 मिनट बाद मिली मौत की खबर

उमाकान्त शर्मा भिण्ड

मृतिका का पति और ससुर घर से फरार

भिण्ड।जिले के गोरमी थाना क्षेत्र के अरेले का पुरा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितयों पर मौत हो गई। मृतका के पिता ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया। पीड़ित पिता का कहना है कि रात करीब साढ़े आठ बजे बिटिया ने फोन किया था कि ससुराली मुझे मारने का प्लान बना रहे है। जल्द आओ मुझे लेकर जाओ वो मारपीट कर रहे है। इसके बाद उन्होंने अपने परिचित को बेटी की ससुराल भेजा तो 20 मिनट बाद मौत की खबर मिली। पुलिस ने फरियादी पिता की शिकायत पर जांच शुरू कर दी।

विक्रमपुर, ग्वालियर निवासी योगेश सिंह ने अपनी बेटी पूजा की शादी दो साल पहले भिंड जिले के गोरमी थाना क्षेत्र के अरेले के पुरा में रहने वाले गोलू उर्फ हसवंत सिंह पुत्र बृजेंद्र सिंह नरवरिया से की थी। शादी के समय योगेश ने अपनी हैसियत से दस लाख रुपए व अन्य सामान दिया था। शादी के बाद दामाद गोलू उर्फ हसवंत सिंह व उसका पिता बृजेंद्र सिंह और सास ममता अपनी बहू पूजा को प्रताड़ित करने लगे। ससुराली दहेज में स्कार्पियों कार की मांग कर उठे। फरियादी योगेश का कहना है कि वे आए दिन स्कार्पियों कार को लेकर दबाव बनाते थे। इतना ही नहीं, ससुराली आए दिन मारपीट करते थे। बीती सोमवार की रात करीब साढ़े आठ बजे पूजा ने मुझे फोन किया और कहा कि ससुराल में सभी मिलकर मारपीट कर रहे है। वे आज मुझे मार डालेंगे। मुझे यहां से ले जाओ। यह बात सुनकर पूजा के पिता योगेश का कहना है कि मैंने अपने परिचित यानी दूर के रिश्तेदार सुरेंद्र नरवरिया को फोन किया। वो ट्यूबवैल पर थे। करीब बीस मिनट बाद वो पूजा की ससुराल पहुंचे। यहां पूजा मृत अवस्था में मिली। गले में फंदा था। रस्सी कटी हुई थी। पूजा के हाथ पैरों में गंभीर चोट के निशान है। मारपीट किए जाने से एक हाथ टूट गया है। कई जगह से खून बह रहा है। यह सब देखकर सुरेंद्र ने पूजा के पिता को फोन किया और मृत अवस्था में मिलने की बात बताई। इसके बाद रात करीब साढ़े ग्यारह बजे पूजा के मायके पक्ष के लोग, अरेले का पुरा पहुंच गए। यहां घर में सास ममता अकेली थी। पूजा का ससुर व पति मौके से फरार हो चुके थे। इससे पहले सुरेंद्र ने पुलिस को सूचना दे दी थी। पुलिस ने मंगलवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम कराते हुए परिजनों को सौंप दिया।

रूपावास में भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं ने डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर वृक्षारोपण कर अभियान चलाया

श्री द्वारकाधीश
गौशाला सेवा समिति
BJP

नेनाराम सिरवी, पुष्पांजली टुडे

पाली । निकटवर्ती ग्राम पंचायत रुपावास के श्री द्वारिकाधीश गौशाला सेवा समिति में भाजपा बूथ प्रभारी हरिभाई पटेल के सहयोग से डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर गौशाला मे भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण हरियालो संरक्षण बचाने के लिए विभिन्न प्रकार के फल फूल छायादार वृक्षारोपण कर और प्रत्येक व्यक्ति को एक एक पौधा कि देखभाल की जिम्मेदारी का संकल्प दिलाया तथा और इसी पर गौ सेवा गायों को हरा चारा व गुड खिला कर अभियान चलाया गया ।

इस मौके पर भाजपा ओ बी सी महिला मोर्चा सदस्य नाजू देवी ऑजणा पुर्व जिला परिषद सदस्य श्रीदेवी पटेल पुर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पायल पटेल उदाराम चौथाराम सावलराम देवीलाल भरत प्रकाश ओगडराम राठौड़ लालाराम खोरवाल राकेश व ढलाराम भाटी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

डॉ श्यामा प्रसादजी मुखर्जी के जन्मदिवस पर भाजपा खोड़ मंडल कार्यकर्ताओं ने किया वृक्षारोपण

नेनाराम सीरवी, पुष्पांजली टुडे

पाली/भाजपा जिलाध्यक्ष मंशारामजी परमार सुमेरपुर विधायक जोरारामजी कुमावत एंव भाजपा खोड़ मंडल अध्यक्ष हुकमसिंह खरोकडा के निर्देशानुसार *डॉ श्यामा प्रसादमुखर्जी* के *जन्मदिन* पर भाजपा खोड़ मंडल प्रभारी जयवर्द्धनजी रांकावत के नेतृत्व में आज किरवा के जेलाई मामाजी मंदिर पर खोड़ मण्डल के द्वारा वृक्षारोपण किया गया जिसमें उपस्थित खोड़ मण्डल प्रभारी जिला मंत्री जयवर्धन जी खोड़ मण्डल अध्यक्ष हुकम सिंह खरोकडा मंडल महामंत्री लता प्रकाश चंद्र मंडल मंत्री जेठाराम कीरवा प्रकाश चंद राणावत पूर्व पंचायत समिति सदस्य कॉपरेटिव अध्यक्ष धन्नाराम विधायक प्रतिनिधि भैराराम पूरा राम मीणा सेसा राम मेघवाल अनु कुमारी गेरकी देवी भंवरी देवी रेखा देवी दिनेश सिंह किशन सिंह साथ भाजपा खोड़ मंडल महिला मोर्चा की उपस्थित में वृक्षारोपण किया गया जिसमें जामुन आशोपालव निम्बू सहित 11 नीम के के पौधों को रोपा गया इस दरम्यान उपस्थित स्वयंसेवको ने मिलकर किया वृक्षारोपण।

धरम पाजी ने मासूम बच्चे का वीडिया किया शेयर, बच्चे ने की थी रिक्वेस्ट

मुंबई। बॉलीवुड के हैंडसम ऐक्टर धर्मेंद्र इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और अपने फैंस का खास ख्याल भी रखते हैं। ऐसे में अपने एक मासूम फैन ने उनसे गुजारिश की और उसे वह टाल नहीं पाए। दरअसल, धर्मेंद्र ने ट्विटर पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में एक लड़का गाना गाता हुआ नजर आ रहा है। धर्मेंद्र ने इस वीडियो को शेयर कर कैप्शन में लिखा 'मासूम प्यार हमेशा बहादुर और हिम्मतवाला होता है..इस क्लिप को शेयर करने के रिक्वेस्ट को मना नहीं कर पाया..उम्मीद है आपको पसंद आएगी'। इसके साथ ही धर्मेंद्र ने हार्ट के इमोजी भी लगाए हैं। हालांकि, ये पहली बार नहीं है जब बॉलीवुड के 'हीमैन' धर्मेंद्र ऐसा किया हो।

वन-टू-वन

डॉक्टर के फ्लैट से लाखों का माल चोरी चोरी

ग्वालियर। सिरोल थाना क्षेत्र के मॉडल टाउनमे रहने वाले एक डॉक?टर के सूने फ्लैट के ताले तोड़कर चोर छह लाख के माल की चोरी कर ले गए।पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सिरोल थाना क्षेत्र के मॉडल टाउन निवासी सत्यम जयंत पुत्र बहार सिंह डॉक्टर है। बीते रोज वह पत्नी बच्चों के साथ अपनी ससुराल गए थे। तभी सूना फ्लैट देखकर चोरों ने चटकाए और अलमारी में पांच तोला वजनी सोने के कड़े, साढ़े तीन तोला बननी हार सेट, दो तोला वजनी चेन, पांच सोने की अंगूठियों के साथ टीवी के साथ व अन्य इलेक्ट्रोनिक्स सामान पार कर ले गए। चोरी का पता सुबह चला जब वह वापस आए तो फ्लैट के ताले टूटे हुए थे और सारा सामान बिखरा पड़ा था। मामले का पता चलते ही पुलिस को सूचना दी।

पंचायत सचिव के पद पर तीन लोगों को अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश

ग्वालियर। जिला पंचायत ग्वालियर द्वारा तीन पात्र लोगों को अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश प्रदान किए गए। जिला पंचायत की प्रशासकीय समिति के उपाध्यक्ष श्री शांतिशरण गौतम एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री किशोर कान्याल द्वारा पंचायत कार्यालय में अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश प्रदान किए गए। जिला पंचायत द्वारा गठित छानबीन समिति में परीक्षण उपरांत पात्र पाए गए आवेदक श्री रविन्द्र पाठक पुत्र स्व. श्री लक्ष्मीनारायण पाठक निवासी ग्राम देवरीकला जनपद भितरवार की रिक्त ग्राम पंचायत केरूआ, श्री यशपाल रावत पुत्र स्व. श्री सरदार सिंह रावत निवासी आदमपुर की रिक्त ग्राम पंचायत रिछारीकलां तथा श्री लोकेन्द्र सिंह जाटव पुत्र स्व. श्री रामहेत जाटव निवासी ग्राम रही को रिक्त ग्राम पंचायत बेलगढ़ा जनपद पंचायत भितरवार में पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति आदेश प्रदान किए गए।

उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार में मिले 10 हजार दीनदयाल रसोई के लिए निगमायुक्त को सौंपे

ग्वालियर। 21 जून 2021 को आयोजित टीकाकरण महाभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिले की सर्वश्रेष्ठ 10 टीमों में चयनित क्षेत्र क्रमांक 1 की टीम को मिले पुरस्कार की राशि 10 हजार रुपए का चेक क्षेत्राधिकारी श्री राजीव सोनी द्वारा दीनदयाल रसोई के लिए निगमायुक्त श्री शिवम वर्मा को प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा 21 जून 2021 को आयोजित किए गए टीकाकरण अभियान में ग्वालियर जिले की 10 सर्वश्रेष्ठ टीमों में नगर निगम की क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 1 की टीम का चयन किया गया। क्षेत्राधिकारी क्षेत्र क्रमांक 1 श्री राजीव सोनी की टीम को सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर एवं कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा 10 हजार रुपए का पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। पुरस्कार में प्राप्त उक्त राशि क्षेत्राधिकारी श्री राजीव सोनी द्वारा दीनदयाल रसोई के लिए निगमायुक्त श्री वर्मा को सौंप दी।

निगमायुक्त ने किया स्व सहायता समूह की महिलाओं के स्टॉल का निरीक्षण

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने आज मंगलवार को निगम मुख्यालय स्थित एनयूएलएम शाखा में स्व सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम में लगभग 160 स्व सहायता समूह पंजीकृत हैं, जो कि विभिन्न उत्पाद तैयार करते हैं। इन समूहों द्वारा तैयार उत्पाद की बिक्री के लिए एनयूएलएम शाखा में विगत 15 दिनों से कुछ स्व सहायता समूहों द्वारा अपने स्टॉल लगाए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त श्री वर्मा ने कहा कि स्व सहायता समूहों की महिलाओं को रोजगार मिले तथा उनके द्वारा बनाए जाने वाले उत्पाद की बिक्री सुनिश्चित हो। इसके लिए नगर निगम के कार्यालयों एवं अन्य शासकीय कार्यालयों में इन्हें स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न पार्कों आदि में भी स्व सहायता समूहों को स्टॉल लगाने के लिए स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। एनयूएलएम शाखा में श्रीमती राधा गुप्ता गौरी स्व सहायता समूह, निशा धवले, कमलेश बाथम नवकिरण स्व सहायता समूह, आशा गोयल स्मृति स्व सहायता समूह एवं दीपमाला झा महागौर स्व सहायता समूह द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं। निरीक्षण के दौरान पंचम बाथम उपस्थित रहे।

ग्वालियर में नशे के लिए हुआ झगड़ा, पेपर कटर से साथी के चेहरे पर किए कई वार, हमलावरों में महिला भी शामिल

ग्वालियर। मंगलवार दोपहर ग्वालियर में सड़क पर स्मैकचियों के बीच सड़क पर ही खूनखराबा हो गया। नशे की डोज को लेकर हुए झगड़े में तीन युवक, एक महिला ने अन्य युवक पर पेपर कटर से हमला कर दिया। युवक के चेहरे पर कई वार किए गए, जिससे युवक लहूलुहान होकर गिर पड़ा। इससे पहले घायल युवक ने भी उन पर हमला किया था। घटना पड़ाव रेलवे ओवरब्रिज की है। वहां से निकलने वाले लोग 20 मिनट तक दहशत में रहे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर हमलावर भागने लगे, लेकिन पुलिस ने पकड़कर उन्हें थाने पहुंचाया। दो घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है। एक ही हालत गंभीर है।

ग्वालियर रेलवे स्टेशन से फूलबाग को जोड़ने वाले पड़ाव रेलवे ओवरब्रिज पर मंगलवार दोपहर जब राहगीर गुजर रहे थे, तो कुछ लोग झगड़ते दिखे। इनमें एक महिला भी थी। राहगीरों को पहले तो यह झगड़ा सामान्य ही लगा, लेकिन इसके बाद पेपर कटर हाथ में लिए महिला और अन्य युवक दूसरे पर टूट पड़े। उसके चेहरे पर कई बार किए। इससे वहां दहशत फैल गई। पुल पर वाहनों की भीड़ जमा हो गई। जिस युवक के चेहरे पर पेपर कटर से हमला किया गया था, वह बेहोश होकर जमीन पर पड़ा था। हमलावर उसे सड़क पर उठा-उठाकर पटकने लगे। कुछ देर बाद लोगों को समझ में आया, यह सभी नशेड़ी हैं। विवाद भी नशे का है। पड़ाव पुल पर हंगामा और जाम की सूचना मिलते ही पड़ाव थाना पुलिस वहां पहुंच गई। पुलिस को देखकर हमलावर भागने लगे, पर पुलिस ने महिला समेत तीन लोगों को पकड़ा है। साथ ही, घायल को छ्व॥ के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान राकेश के रूप में हुई है।

नशे की डोज थी हमले की वजह: पकड़े जाने के बाद पता लगा कि झगड़ रहे सभी लोग पेशेवर स्मैकची हैं। महिला का नाम सुनीता है। जैसा, अभी वह लोग बता रहे हैं। सभी नशे में है।

लूट के एक लाख बीस हजार रुपये सहित 02 शातिर लुटेरे गिरफ्तार,

ग्वालियर। जिले की डबरा देहात थाना पुलिस को बड़ी सफलता है।पुलिस ने लूट के एक लाख बीस हजार रुपये सहित 02 शातिर लुटेरे गिरफ्तार,कर घटना में प्रयुक्त कट्टा व मोटर सायकिल भी जब्त कर टेकनपुर से हुई बन्दूक लूट की घटना का भी खुलासा किया है। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी, भापुसे द्वारा ग्वालियर जिले में लूट की घटनाओं पर नियंत्रण करने हेतु विशेष अभियान चला कर मुखविर तंत्र सक्रिय कर फरार आरोपियों की धरपकड़ करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ग्वालियर श्री जयराज कुवेर के कुशल मार्गदर्शन एवं एसडीओपी श्री विवेक शर्मा के नेतृत्व में थाना प्रभारी डबरा देहात शक्ति सिंह यादव एवं उनकी टीम द्वारा दिनांक 03.06.2021 को लोहगढ़ पहाड़ी के पास भितरवार रोड़ पर अधिवक्ता बसन्त शर्मा से हुई लूट के आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटा गया मशरूका बरामद किया गया।

ग्वालियर में 'बिहारी' कहा तो दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

ग्वालियर। ग्वालियर में प्याज खरीदने आए दो युवकों को सब्जी विक्रेता को बिहारी भाई कहना भारी पड़ गया। दोनों युवक उस समय तो चले गए, लेकिन कुछ देर बाद लौटे। वह पूरी तैयारी के साथ आए। उन्होंने सब्जी विक्रेता को बिहारी कहने की सजा सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटकर दी। पत्थर हाथ में लेकर उसके मुंह पर मारे। बीच बचाव करने आए साथियों पर कट्टे के बट से हमला किया। जब वहां भीड़ एकत्रित हो गई तो हमलावर भाग गए। घटना एक दिन पहले की है। इस मारपीट का वीडियो अब वायरल हो रहा है। घटना डीडी नगर सिंधिया स्टेच्यू चौराहा की है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। ग्वालियर में सोमवार शाम को सोशल मीडिया पर मारपीट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में हमलावर एक सब्जी विक्रेता की जमकर पिटाई कर रहे हैं। हाथ में लोहे का कड़ा फंसाकर युवक के मुंह पर वार कर रहे हैं। पत्थर से उस पर हमला कर रहे हैं। इतना ही नहीं उसे बचाने आए आसपास के लोगों पर भी हमला किया। दोनों युवकों के पास कट्?टा भी था। जिसके बट से भी हमला किया गया, लेकिन उन्होंने फायरिंग नहीं की। पिटते-पिटते युवक बचने के लिए दौड़ लगाता है तो बदमाश दौड़ाकर उसकी पिटाई कर रहे हैं। जब इस वायरल वीडियो के बारे में पता किया तो जानकारी मिली कि यह डीडी नगर का है। महाराजपुरा थाना में इसका मामला भी दर्ज है, लेकिन हमलावर नहीं पकड़े गए हैं।

बिहारी कहना लगा था बुरा

वीडियो में पिट रहे युवक का नाम विकास लोधी है। वह डीडी नगर में सिंधिया स्टेच्यू के पास सब्जी का ठेला लगाता है। उसके पास ही वासुदेव कुशवाह सब्जी बेचता है। एक दिन पहले यहां विकास के पड़ोस में रहने वाले अखिलेश पाठक और आकाश चौहान आए थे। उन्होंने प्याज के दाम पूछे। इस पर विकास ने कहा कि ले लो बिहारी भाई 40 रुपए किलो है। दोनों भाव पूछकर उस समय तो चले गए, लेकिन 10 मिनट बाद लौटे तो उन्होंने विकास से कहा कि तूने हमें बिहारी क्यों कहा और हमला कर दिया। दोनों युवक बिहारी हैं और बिहारी भाई कहने पर ही चिढ़कर उन्होंने हमला किया। पुलिस ने अखिलेश पाठक और आकाश चौहान के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बहू का वर्जिनिटी टेस्ट कराने वाले ससुराल वालों पर केस: ग्वालियर में सास-ननद ने दहेज में मांगे 20 लाख रुपए

ग्वालियर। मध्यप्रदेश के डबरा में ससुरालवालों ने नवविवाहिता को न सिर्फ दहेज के लिए प्रताड़ित किया, बल्कि पति ने शादी के बाद पहले ही दिन उसका वर्जिनिटी टेस्ट भी करवा लिया। नवविवाहिता ने सास, ननद, पति और ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों ने उसे काली कहा। इसी बात पर बहू के परिवार वालों से 20 लाख रुपए मांगे। नवविवाहिता ने जब यह बात पति को बताई, तो उसने भी कह दिया कि तेरी सूरत पर इतना दहेज तो बनता है। यही नहीं, पति ने शादी के बाद पहले दिन ही उसका वर्जिनिटी टेस्ट भी कराया। घटना ग्वालियर के डबरा की है। घटना के बाद नवविवाहिता मायके आ गई। जब वह वापस पिता के साथ ससुराल पहुंची, तो घर पर ताला लगा मिला। उसके पिता ने ससुराल में फोन किया, तो जवाब मिला 20 लाख लेकर आना तो ही दरवाजा खुलेगा। ग्वालियर के रहने वाली 23 वर्षीय रानी (बदला हुआ नाम) की शादी मार्च 2020 में डबरा निवासी हिमांशु से हुई थी। शादी के बाद नए जीवन के सपने संजोते हुए रानी ने ससुराल में कदम रखा। यहां पहले ही दिन सास सुनीता, ननद रिचा और पति हिमांशु ने उसका वर्जिनिटी टेस्ट कराया। कुछ दिन बाद सास, ननद ने उसके रंग को लेकर तंज कसना शुरू कर दिया। सास कहने लगी कि तेरी जैसी काली लड़की के लिए तेरे बाप ने कुछ नहीं दिया। नवविवाहिता ने पति हिमांशु, ससुर गौतम व देवर शुभम को यह बात बताई। इस पर पति का कहना था, मां सही कह रही है। इसके बाद उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। बावजूद नवविवाहिता ने मायके में कुछ नहीं बताया।

मायके से लौटी तो ससुराल में लगा मिला ताला- कुछ दिन बाद नवविवाहिता मायके आ गई। वहां कुछ समय रही फिर जब कोई लेने नहीं आया, तो पिता के साथ वह ससुराल पहुंची। वहां ताला लगा मिला। काफी देर खड़े रहने के बाद पिता ने बेटी के ससुर को कॉल किया और बताया कि आपकी बहू को छोड़ने आए हैं।

ग्वालियर में मनचले को सरेराह चप्पलों से धुना: ऑटो में मोबाइल पर अश्लील वीडियो चलाकर छेड़छाड़ की; महिलाओं ने बाल पकड़कर बाहर खींचा और पीट दिया

ग्वालियर। ग्वालियर में दो महिलाओं ने एक मनचले की जमकर धुनाई कर दी। दरअसल, ऑटो में सफर कर रही दो महिलाओं के साथ बैठे युवक ने मोबाइल में अचानक अश्लील वीडियो देखना शुरू कर दिया। महिलाओं को यह असहज लगा। फिर मोबाइल देखते-देखते युवक एक महिला से छेड़छाड़ करने लगा। यह बात महिलाओं को नागवार गुजरी। उन्होंने ऑटो रुकवाया। युवक को बाल पकड़कर बाहर घसीटा और चप्पल लेकर टूट पड़ीं। युवक की पिटाई देख मौके पर भीड़ जुट गई। मनचला हाथ जोड़कर माफी मांगता रहा, लेकिन महिलाएं चप्पल से उसकी पिटाई करती रहीं। आखिर में पुलिस युवक को लेकर थाने चली गई। घटना फूलबाग पुलिस चौकी के सामने की है। महिलाओं ने शिकायत करने से मना कर दिया है। ग्वालियर में सोमवार शाम से युवक की पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में दो महिलाएं एक युवक को चप्पल से मार रही हैं। घटना फूलबाग इलाके की है। युवक पर महिलाओं ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया था, लेकिन महिलाओं ने शिकायत थाने में नहीं की है। पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने तो लाई पर कोई शिकायत नहीं होने के कारण हिदायत देकर छोड़ दिया है।

सौम्या प्रोपर्टीज
ग्वालियर शहर में बिना ब्याज के आसान मासिक किस्तों पर आज ही अपने सपनो का घर बनाने के लिये प्लॉट बुक करें ।
सैना के जवानों के लिये विशेष छूट
बेटी के नाम पर बुकिंग करने पर आकर्षण उपहार व 10% की छूट
प्लॉट उपलब्ध है
पिंटो पार्क, ग्वालियर भिण्ड रोड, मुरैना झांसी रोड, ग्वालियर मुरैना वड़ागांव खुरैरी रोड, एयरपोर्ट शनिचरा रोड
सम्पर्क करें
9713253992
www.somyaproperty.com
तोमर मार्किट गायत्री मंदिर वाली गली पिंटू पार्क ग्वा.

SOMYA GROUP

GPS BASED VEHICLE TRACKING SYSTEM & MANAGEMENT FROM W2TRACK SOLUTIONS
Please call us for demo/order: +91 9827270016/7738373527/7738373526
जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग और वाहन प्रबंधन प्रणाली - अपने परिवहन प्रणाली को अधिक उत्पादक, सुरक्षित और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाएं |
✓GPS b or & Analyze your vehicles in real-time
✓Digital records of all your fleet operations at Central place
✓Optimise your Routes, Scheduling and Dispatch
✓Improve Driver Behaviour, remotely immobilize vehicle etc.
✓Improve productivity, efficiency & safety
✓Manage fleet expenses & reduce operational cost (ROI)
✓Power Your Fleets with Latest AIS 140 GPS Devices
Website & Mobile based Application/Software
Basic GPS Based Fleet Monitoring System with Advanced Reporting
₹2999
RTO ApprovedNTEGRATEDAIS 140 GPS Device (ARAI/ICAT Approved)
PUBLIC TRANSPORT VEHICLES
-SCHOOL BUSES
-TAXI/CABS
-TRANSIT BUSES
-INTERCITY BUSES
COMMERCIAL VEHICLES
SABA TECHNOSOFT
Deliver The Best, Performance Assured
₹5999
GSTIN: 27ACUFS2949C1ZO www.w2track.com (Locations PAN India GPS Service)

प्रशासन है मौन

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ **एम.पी.एच.आई.एन. /31130**
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान **E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478**